**खबर संक्षेप**

## खेत में भालू के आने से ग्रामीणों में दहशत, वन विभाग ने किया सतर्क

**कटनी।** बरही तहसील के लुरमी गांव स्थित खेत में एक भालू के आने से ग्रामीण क्षेत्रों में दहशत का महौल है। सूचना पर गांव पहुंची वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को सावधान रहने की बात कही है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि गांव के से लगे जंगल से भालू गांव में आ गया हो गया। भालू फिलहल गांव के खेत से जंगल की ओर भाग गया है। बावजूद इसके ग्रामीणों को सतर्क रहने की समझाइश दी गई है। ग्रामीणों ने बताया कि जंगल से लगे किसानों के खेत में मंगलवार को भालू देखा गया था। जिसके बाद ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। सूचना पर वन विभाग के रेंजर नारायण शुक्ला गांव पहुंचे। रेंजर ने ग्रामीणों के सहयोग से भालू को खेत से जंगल की ओर भगा दिया है। वन विभाग के रेंजर ने ग्रामीणों को भालू से सतर्क रहने की हिदायत दी है। भालू कभी भी दोबारा लौटकर गांव के खेतों आ सकता है। कभी-कभी पानी की तलाश में भी जंगली जानवरी ग्रामीण क्षेत्रों में बने तालाबों की ओर आ जाते हैं। भालू के गांव के खेतों तक आने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## गुरूपूर्णिमा महोत्सव 21 जुलाई को

**उमरियापान।** गुरूपूर्णिमा की तैयारी भक्तों ने शुरू कर दी है। जगह-जगह धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी कडी में 21 जुलाई को पंडित दयानंद शास्त्री कुडवा वाले एवं आचार्य पंडित रोहित शास्त्री के सानिध्य में सरस्वती विधालय सिहोरा में सुबह 7 बजे से गुरू पूर्णिमा महोत्सव रखा गया है। शिष्य मंडल ने भक्तों से पहुंचने की अपील की है।

## जिले में अब तक 187.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में 1 जून से 2024 से 17 जुलाई 2024 प्रातः तक कुल 187.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में कुल 366.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार वर्ष 2024 में अब तक कुल 178.7 मिलीमीटर कम वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 17 जुलाई 2024 तक जिले के तहसीलवार वर्षा मापी केन्द्र कटनी में 239.8 मिलीमीटर, तहसील रीठी मे 200.6 मिलीमीटर, तहसील बड़वारा मे 105.0 मिलीमीटर, तहसील बरही में 129.0 मिमी, विजयराघवगढ़ में 117.5 मिमी, बहोरीबंद मे 192.3 मिमी, स्लीमनाबाद में 225.7 मिली मीटर और वर्षामापी केन्द्र ढीमरखेड़ा मे 286.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

## किसान मासांत तक करा सकेंगे खरीफ फसलों का बीमा

**कटनी।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ 2024 अंतर्गत कृषकों के लिए अपनी पटवारी हल्के में अधिसूचित फसल के लिए बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 निर्धारित की गई है। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि ने जानकारी देते हुए बताया कि ऋणी कृषकों ने जिस बैंक से फसल ऋण लिया है वह उस बैंक में अपना बीमा करवा सकते है तथा अऋणी कृषक, 31 जुलाई 2024 तक किसान क्रेडिट कार्ड पर फसल ऋण प्रदायकर्ता बैंक सहकारी समितियों तथा अऋणी किसान बैंक,जन सेवा केंद्र (सीएससी), ग्राम पंचायत स्तर पर जन सेवा केंद्र के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करा सकते है। बीमा कराने के लिए कृषकों को घोषणा पत्र, आधार कार्ड, जमीन सिकमी होने पर इसका शपथ पत्र, ऋण पुस्तिका, बैंक खाते का विवरण, बुवाई प्रमाण पत्र लेकर जाना होगा। खरीफ में अनाज एवं दलहन फसल के लिए प्रीमियम राशि बीमित राशि का 2 प्रतिशत है। अतः सभी कृषकों से निवेदन है कि वह अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा करवाये जिससे असामान्य परिस्थितियों में होने वाले नुकसान की प्रतिपूर्ति हो सके।

### सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के लिए सक्रिय रहा पुलिस एवं प्रशासनिक अमला, कर्बला में ठंडा किये गए ताजिये

# अकीदत के साथ मना मोहर्रम, ताजिया देखने उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





पैगंबर मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन की शहादत का प्रतीक मोहर्रम अकीदत के साथ मनाया गया। दसवीं का जुलूस निकालकर ताजियों को कर्बला में ठंडा किया गया। मान्यता अनुसार हुसैन व उनके साथियों ने इस्लाम के लिए यजीद से जंग कर अपनी शहादत दी थी। मोहर्रम उसी कुर्बानी को याद करने का पर्व है। नगर में ताजिया देखने को भारी भीड़ रही। सुरक्षा को लेकर पुलिस व प्रशासन द्वारा आवश्यक प्रबंध किए गए थे। अधिकारी खुद व्यवस्था की निगरानी कर रहे थे।

मान्यता है कि हुसैन व उनके साथियों ने इस्लाम के लिए यजीद से जंग कर अपनी शहादत दी थी। मुहर्रम उसी कुर्बानी को याद करने का पर्व है। विभिन्न मुहल्लों व इमामबाड़ों में ताजिया स्थापित किया गया था। बुधवार को ताजिये का जुलूस निकला तो उसके दीदार के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। जुलूस में शामिल लोग या हुसैन हम न थे या नवी हम न थे की सदाओं से वातावरण गुंजायमान रहा। नगर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ जुलूस कर्बला पहुंचा, जहां पर ताजिया ठंडा किया गया।

### मुस्तैद रहा पुलिस बल

मोहर्रम के जुलूस में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पूरे जिले में काफी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है। बुधवार शाम को सीएसपी कार्यालय के परिसर में शहर के सभी थानों की पुलिस सहित अतिरिक्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन ने सभी थाना प्रभारियों सहित पुलिस बल की ड्यूटी लगाई।

मोहर्रम के जुलूस को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन ने बताया कि मोहर्रम के जुलूस के आयोजन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था में इस बात का ध्यान रखा गया है, आम लोगों को परेशानी नहीं हो।

### चौराहों में कराई बैरीकेटिंग

यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे। शहर के मुख्य चौराहों में स्थाई बैरिकेटिंग कराई गई है। पूरे क्षेत्र में पुलिस बल ने भ्रमण किया है। यातायात पुलिस बल को भी लगाया गया है। पूरे जिले की पुलिस प्रतिबद्धता के साथ इस कार्य को कर रही है। जिले के सभी एसडीओपी, सभी थाना प्रभारियों की ड्यूटी लगाई गई है। तीन सौ पुलिस बल की तैनाती की गई है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सभी थानों से मोबाइल पार्टियां लगाई गई हैं। बाइक से भी मोबाइल पार्टियां शहर का भ्रमण करेंगी। ड्यूटी लगाने के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया, डीएसपी प्रभात शुक्ला, सीएसपी ख्याति मिश्रा सहित सभी थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारियों और पुलिस बल की उपस्थिति रही।

### उमरियापान में निकला जुलूस

मोहर्रम पर उमरियापान में मुस्लिम समुदाय ने ताजिया जुलूस निकाला। मुस्लिम समुदाय ने नारे तकदीर अल्लाह हू अकबर और हुसैन की शहादत में नारे लगाए। इसमें बडी संख्या में लोग शामिल हुए। नगर के प्रमुख मार्गों में भ्रमण उपरांत कर्बला में ताजिया ठंडा किए गये। बताया जाता है इस्लामिक मान्यता के अनुसार, इसी दिन कर्बला की जंग में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के छोटे नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके साथी शहीद हो गए थे। इसलिए इस दिन को शहादत के रूप में मनाते हैं।

### खुशहाली और अमन चैन की मांगी मन्नतें

इंसाफ के लिए जान कुर्बान करने वाले हजरत इमाम हसन व इमाम हुसैन की याद में बुधवार को अंतरवेद गनयारी में मोहर्रम पर्व पर ताजिया जुलूस निकाला गया। गमगीन माहौल में निकाले गए जुलूस युवाओं ने लाठियों से हैरतअंगेज करतब प्रदर्शन किया।वहीं जुलूस के दौरान सवारियां लिए बाबा भी चलते रहे। ताजिया को नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए कर्बला पहुँचा। जहा ताजिया को दफनाया गया। या हुसैन या हसन या अली या हुसैन के नारे लगा ताजिया जुलूस में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल रहे। हिन्दू समाज के लोगों ने ताजिया पर फूल बरसा स्वागत किया। बाबाओं से खुशीहाली की मन्नतें मांगी। इस दौरान ढीमरखेड़ा थाना पुलिस बल सहित सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहें। यहाँ ताजिये के नीचे से निकलकर मांगी अमन चैन की दुआ मोहर्रम पर्व पर मस्लिम भाइयों ने ताजिया जुलूस निकाला। इस दौरान लोग ताजिये के नीचे से निकलकर अल्लाह से अमन चैन की दुआ मांगी। मस्जिद से ताजिया उठाकर मुस्लिम भाइयों ने गांव भ्रमण कराया। जिसे नए तालाब में ठंडा किया। इस दौरान महिला पुरुषों सहित युवाओं की उपस्थिति रहीं।

**नगर निगम प्रशासन से लायसेंस निरस्त करने कहा**

# देह व्यापार मामला सामने आने के बाद 2 स्पा सेंटरों में हुई तालाबंदी की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर में संचालित स्पा सेंटर में देह व्यापार मामले में पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही के बाद से स्पा सेंटर संचालकों में भी हडकम्प की स्थिति बनी रही। शहर के रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र में संचालित हैप्पी एवं ग्लैमर स्पा सेंटर के संचालकों के खिलाफ एफआईआर एवं एक महिला आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने इन दोनों ही स्पा सेंटरों में तालाबंदी की कार्रवाई की है। कार्रवाई के साथ ही नगर निगम प्रशासन से इन दोनों ही सेंटरों के लाइसेंस निरस्त करने के लिए कहा गया है।

देह व्यापार का खुलासा होने के बाद अब अन्य स्पा सेंटर भी कार्रवाई की जद में आ गए है। बताया जाता है कि स्पा सेंटरों में मसाज के नाम पर देह व्यापार किए जाने की शिकायतें पुलिस के पास पहले भी आती रही हैं और पुलिस ने कई स्पा सेंटरों में दबिश देकर यहां चल रहे देह व्यापार का भंडाफोड़ भी किया था। अब पुलिस पूरी तरह से इन स्पा सेंटरों को बंद कराने की योजना पर काम कर रही है। विदित हो कि शहर में कोतवाली, माधवनगर एवं रंगनाथनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत करीब आधा दर्जन से अधिक स्पा सेंटरों का संचालन किया जा रहा है। इन स्पा सेंटरों को नगर निगम द्वारा लाइसेंस जारी किया जाता है। इन स्पा सेंटरों में मसाज के नाम पर देह व्यापार कराए जाने का मामला सामने आने के बाद अब पुलिस इन स्पा सेंटरों का लाइसेंस निरस्त कराकर बंद कराने की तैयारी में है।

जबलपुर निवासी एक नाबालिग किशोरी से कटनी के दो स्पा सेंटरों में देह व्यापार का मामला सामने आने के बाद अब पुलिस एक्शन मोड पर आ गई है। पुलिस कार्रवाई में यह बात भी सामने आई की जबलपुर निवासी किशोरी को उसकी बड़ी मां ने कटनी के स्पा सेंटर को उसे बेचा था। जिसके बाद कटनी के दो स्पा सेंटर में उससे एक माह तक जबरन देह व्यापार करवाया गया। किशोरी से एक महीने तक देह व्यापार कराये जाने को पुलिस ने गंभीरता से लिया है।

कुछ समय पहले माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोल्डन स्पा सेंटर एवं रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हैप्पी स्पा सेंटर में छापे की कार्रवाई की गई थी। यहां से बड़ी संख्या में युवतियों को आपत्तिजनक हालत में पाया गया था। एफआईआर भी दर्ज की गई थी। बरगवां क्षेत्र में संचालित हैप्पी स्पा सेंटर और ग्लैमर स्पा सेंटर में देह व्यापार का मामला सामने आने के बाद अब अन्य क्षेत्रों में स्थित स्पा सेंटरों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

एसपी अभिजीत कुमार रंजन ने कहा कि हैप्पी एवं ग्लैमर स्पा सेंटर में देह व्यापार का मामला सामने आने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद हैप्पी और ग्लैमर स्पा सेंटर में ताला बंदी की कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही इन दोनों ही स्पा सेंटरों के लाईसेंस निरस्त करने के लिए नगर निगम प्रशासन से कहा गया है। इसी के साथ ही अन्य स्पा सेंटरों की भी जांच कराई जा रही है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## शराब की अवैध बिक्री के विरोध में सौंपा ज्ञापन



शराब की अवैध बिक्री को लेकर सारंगपुर झकाझोर खंदवारा एवं ढीमरखेड़ा क्षेत्र की महिलाओं ने ढीमरखेड़ा थाना और एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन देखकर क्षेत्र में बिक रही अवैध शराब को बंद करने की मांग की है। एसडीएम और थाने में दिए ज्ञापन के अनुसार महिला ने बताया कि अनेकों गांव में इन दोनों देसी विदेशी शराब का बहुत मात्रा से विक्रय हो रहा है। रामपुर स्थित शराब दुकान द्वारा अवैध ढंग से शराब का परिवहन करके गांव-गांव शराब पहुंचाई जा रही है जिस कारण प्रत्येक दिन शाम होते ही शराबियों के कारण गांव की शांति व्यवस्था भंग हो जाती है, पढ़ाई करने वाले बच्चे भी नशे के आदी हो जा रहे हैं जिससे घरेलू हिंसा हो रही है और मारपीट जैसी घटनाएं बाद विवाद रोजाना हो रहे है। गरीब आदिवासी के बच्चे शिक्षा से वंचित होते चले जाएंगे घर-घर में घरेलू हिंसा होगी गांव की शांति व्यवस्था बिगड़ेगी और महिलाओं के साथ छेड़खानी लूटपाट चोरी डकैती जैसी अप्रिय घटना होना आम बात हो जाएगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से भगत सिंह, महेश सिंह, चंदाबाई, कामता बाई, गुड्डी बाई, प्यारी बाई सहित अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# क्या हुआ तेरा वादा नाम से चलेगा पोस्टकार्ड अभियान, युकां माँगेगी सरकार से जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मप्र युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मितेन्द्र यादव का कटनी अल्प प्रवास हुआ। इस दौरान ज़िला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अंशू मिश्रा ने ज़िले के समस्त युवा कांग्रेस पदाधिकारी एवं महत्वपूर्ण कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष मितेन्द्र यादव ने बताया कि मप्र की भाजपा सरकार अपने वादों से पीछे हट रही है, ना वह महिलाओं को 3000 प्रति माह दे पा रही है ना शिक्षित युवाओं को रोज़गार, किसानों को उचित दाम देने जैसे अनेकों मुद्दों को लेकर "क्या हुआ तेरा वादा" नाम से पोस्टकार्ड अभियान प्रारभ किया गया है, आगामी 30 अगस्त को मुख्यमंत्री आवास का महाघेराव किया जाएगा। प्रदेश के प्रत्येक ज़िले से बड़ी संख्या में युवा साथियों से शामिल होने की अपील की जा रही है। ज़िला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अंशू मिश्र ने बताया कि कटनी में भी निर्वाचित भाजपा जनप्रतिनिधि अपने वादों को पूरा नहीं कर पा रहे है, पूरे कटनी की सड़के खुदी है, स्वस्थ सेवाएँ लचर है, मेडिकल कालेज, नर्मदा जल जैसी अनेकों योजनाए अधर में है।इन सब माँगों को लेकर मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम में ज़िले के चारों विकासखंडों से हज़ारों युवा आंदोलन में शामिल होंगे।

**रोपे गए पौधों को वायुदूत एप में किया गया अपलोड**

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत एकांत वन परिसर में हुआ पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशन, वन मंडलाधिकारी गौरव शर्मा के मार्गदर्शन में तथा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉक्टर तेज सिंह केशवाल के नेतृत्व और विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र के समन्वय से वन विभाग के झिंझरी स्थित एकांत वन परिसर में एक साथ 100 पौधों का रोपण किया गया। विदित हो कि मध्य प्रदेश शासन के द्वारा प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम को धरातल पर सार्थक करने की दृष्टि से पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है,

उक्त अभियान के अंतर्गत आज मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड कटनी के द्वारा विकासखंड की सभी नवांकुर संस्थाओं, ग्राम एवं नगर विकास प्रस्फुटन समितियों, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाताओं व छात्रों एवं अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में वन विभाग के सहयोग से पौधारोपण का आयोजन किया गया। जिसमें सभी उपस्थित जनों ने एक साथ 100 पौधों का रोपण किया जाकर अंकुर अभियान के अंतर्गत वायुदुत एप में अपलोड भी किया गया।

पर्यावरण संरक्षण के इस महत्वपूर्ण आयोजन में वन विभाग के उपमंडल अधिकारी पूर्व क्षेत्र सुरेश बरौले, रेंजर नबी अहमद खान, डिप्टी रेंजर विजेंद्र सिंह चौहान, वनरक्षक सुमित सिंह, का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

पौधा रोपण कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ. तेज सिंह केशवाल, विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र, परामर्शदाता रामानुज पांडेय, अमित तिवारी, सुरेंद्र शुक्ला, विनीत सोंधिया, नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि भी शामिल रहे।

**आजीविका मिशन के तहत 6 दिवसीय हुआ आयोजन**

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मप्र शासन राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा आयोजित भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कटनी में संचालक पवन कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक सुनील रजक तथा अनुपम पांडे के सहयोग से कटनी जिले के विकासखंड कटनी, विजयराघवगढ़, ढीमरखेड़ा, बहोरीबंद, बड़वारा एवं रीठी की स्वसहायता समूह की 35 महिलाओं को आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए छै दिवसीय कृषि सखी प्रशिक्षण प्रशिक्षक रामसुख दुबे द्वारा दिया जा रहा है।

### प्रायोगिक कार्य करके दिखाए

प्रशिक्षण में कृषि सखी को जानकारी दी गई की स्वयं कार्य करें एवं स्वसहायता समूह की महिलाओं तथा ग्राम में कृषकों को भी प्रायोगिक कार्य करके दिखाएं। जिससे कृषक कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकें। कृषि सखी की भूमिका एवं उत्तरदायित्व के विषय में बतलाया गया।

### उपयोग का तकनीकी प्रशिक्षण

जैविक खेती की आवश्यकता, रासायनिक एवं जैविक खेती में अंतर, जैविक खेती के फायदे तथा विभिन्न जैविक खाद एवं कीटनाशकों को बनाने तथा फसलों में उपयोग का तरीका, ग्राम में उपलब्ध संसाधनों से जैविक खाद कीटनाशक बनाने, गोबर गोमूत्र का जैविक खेती में उपयोग, गोमूत्र से बीज उपचार, शीघ्र खाद जैविक कीटनाशक एवं पौध पोषण जैविक कीटनाशक के अंतर्गत गोमूत्र, नीम पत्ती, पांच पत्ती काढ़ा, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र एवं आग्नेयास्त्र को बनाने तथा फसलों में उपयोग का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

## चाकू और डंडे से हमला, हालत गंभीर, जबलपुर किया रेफर

**ढीमरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर निवासी एक व्यक्ति के ऊपर हमला कर गंभीर रूप से घायल किये जाने की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार गोपालपुर निवासी रामगोपाल तिवारी के ऊपर हमला किया गया। इस हमले में रामगोपाल तिवारी को गहरे चोट के निशान आए, जिससे उनकी स्थिति अत्यंत नाजुक हो गई। घायल को उपचार के लिए पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उमरियापान ले जाया गया और वहां से जबलपुर रेफर किया गया। आरोप है कि भोला तिवारी ने तलवार से वार किया एवं सुन्नु तिवारी ने लाठी से जानलेवा हमला किया जिसके चलते बाएं पैर में घाव के निशान बन गए हैं। हमले के बाद, रामगोपाल तिवारी को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उमरियापान ले जाया गया। वहां के डॉक्टरों ने उनकी स्थिति को गंभीर बताते हुए, उन्हें तुरंत बेहतर चिकित्सा सुविधाओं के लिए जबलपुर रेफर कर दिया। ग्रामीणों ने हमलावरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।



# कपड़ा व्यापारी के साथ 7 लाख रूपए की हुई ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

तमाम जागरूकता प्रयासों के बाद भी लोग ठगों के जाल में फंसकर जमापूंजी गवां रहे हैं। इसी क्रम में एक व्यापारी से सात लाख की ठगी हो गई। राष्ट्रीय उपभोक्ता फोरम के प्रकरण के निपटारे को लेकर एक व्यक्ति ने व्यापारी से बैंक खाता व एटीएम की जानकारी ले ली। इसके बाद आरोपित ने व्यापारी के खाते से सात लाख रुपये से अधिक राशि निकाल ली। धोखाधड़ी के मामले की शिकायत पीड़ित ने कोतवाली थाना में दर्ज कराई है। पुलिस ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार रघुनाथगंज कपड़ा बाजार के रहने वाले व्यापारी 63 वर्षीय प्रदीप कुमार जैन का राष्ट्रीय उपभोक्ता फोरम में मामला चल रहा था। जिसकी चार पेशी हो चुकी थी, लेकिन सुनवाई नहीं हो पा रही थी। अक्टूबर 2023 में उन्होंने सुनवाई की अगली तारीख को लेकर सोशल मीडिया में सर्च किया। जिसमें उन्हें एक मोबाइल नंबर मिला। पीड़ित व्यापारी ने मोबाइल नंबर पर संपर्क किया जिसमें उनकी बात किसी दीप कुमार से हुई। दीप कुमार ने व्हाट्सएप कॉलिंग करते हुए व्यापारी से उसके खाते की जानकारी व एटीएम की फोटो मांगी और लगभग 16 बार कॉल किया। इस बीच युवक ने उनके दो खातों से सात लाख 31 हजार रूपये की राशि निकाल ली। पीड़ित का एक्सीडेंट हो जाने के कारण वह शिकायत करने नहीं पहुंचा और स्वास्थ्य ठीक होने के बाद उसने खाता नंबर की संपूर्ण जानकारी के साथ कोतवाली पुलिस को शिकायत दी। दस्तावेजों की जांच करने के बाद पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

## खबर संक्षेप

### एक पौधा माँ के नाम के तहत किया पौधारोपण

**ढीमरखेड़ा।** मप्र जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ. तेज सिंह केशवाल ने एक पौधा माँ के नाम अभियान के तहत उमरियापान शासकीय महाविद्यालय में पौधारोपण किया। मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्रों को पौधों की सुरक्षा के प्रयास करने हेतु प्रेरित किया।जिला समन्वयक ने कहा कि पौधें कम लगाएं लेकिन प्रत्येक पौधा सुरक्षित हो, इसका ख्याल रखना चाहिए। उमरियापान महाविद्यालय पहुँचे जिला समन्वयक डॉ. तेजसिंह केशवाल ने सीएमसीएलडीपी की आयोजन परीक्षा का जायजा लिया। छात्रों से परीक्षा को लेकर चर्चा किया। इसके अलावा जिला समन्वयक ने परामर्शदाताओं से बीएसडब्ल्यू और एमएसडब्ल्यू की कक्षाओं में छात्रों के प्रवेश को लेकर जानकारी ली। समय पर छात्रों के पंजीयन और प्रवेश कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर ढीमरखेड़ा विकासखंड समन्वयक बबीता शाह भी मौजूद रही।

### हादसे में युवक की मौत

**कटनी।** ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम इटौली निवासी राकेश दुबे पिता रामदास दुबे 32 रविवार को शाम 6:30 बजे मोटर साइकिल से अपने किसी कार्य से सिहोरा की ओर जा रहे थे तभी मंझगवा थाना अंतर्गत खिरहनी पुल में दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के कारण मौके पर ही उनकी मौत हो गई। राहगीरों द्वारा जिसकी सूचना पुलिस और परिजनों को दी गई। मौके पर मंझगवा थाना पुलिस पहुंचकर मृत्यु की पुष्टि की गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया पोस्टमार्टम उपरांत मृतक राकेश दुबे का उनके निज ग्राम इटौली में अंतिम संस्कार किया गया।

### पर्व में सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश

**कटनी।** मोहर्रम पर्व की सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने एवं सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा हेतु सीईओ ज़िला पंचायत एवं प्रभारी नगर निगम आयुक्त शिशिर गेमावत द्वारा गूगल मीट के माध्यम से नगर निगम,पुलिस,विद्युत अन्य सभी विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई ।उक्त समीक्षा के दौरान श्री गेमावत ने मुहर्रम पर्व की सभी व्यवस्थाओं जैसे जुलूस मार्ग में गड्ढों की मरम्मत,प्रकाश व्यवस्था,पेयजल व्यवस्था,साफ़-सफाई व्यवस्था,हांका गैंग,अतिक्रमण एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी सभी प्रभारियों से लेते हुए सभी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विभाग प्रमुख सौंपे हुए दायित्वों का पालन करते हुए मुहर्रम पर्व की सभी समुचित व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर शांति के साथ संपन्न करवायेंगे इस दौरान सभी आपस में सामंजस्य बनाते हुए कार्य करेंगे एवं किसी भी प्रकार की अव्यवस्था एवं आसमंजस्य की स्थिति निर्मित होने पर मुझे अवगत कराएँगे।समुचित व्यवस्थाओं हेतु अन्य विभागों को नगर निगम से जो भी अपेक्षित सहयोग चाहिए होगा उस पर भी नगर निगम द्वारा आवश्यक सहयोग प्रदाय किया जावेगा।उक्त व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था अप्रिय घटना ना हो इसका सभी विशेष ध्यान रखेंगे।समीक्षा के दौरान नगर निगम सहित सभी विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति रही।

### पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखे पुलिस रही अलर्ट

**कटनी।** मोहर्रम पर्व को लेकर पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन द्वारा पुलिस बल की ब्रिफिंग देर रात कोतवाली थाना परिसर में की गई। पुलिस के द्वारा मोहर्रम के दौरान सीसीटीवी कैमरों तथा वीडियो कैमरों के माध्यम से शहर में हो रही हर गतिविधि पर निगाह रखी गई। पुलिस की टेक्निकल टीम सोशल मीडिया पर निगरानी रही। आपत्तिजनक पोस्ट करने, फॉरवर्ड, लाइक करने वाले तत्वों पर सख़्त कार्यवाही करने के निर्देश पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने दिए हैं। पर्व को देखते हुए जिले भर में पुलिस के फिक्स पिकेट्स लगाए गए है। सभी थाना क्षेत्रों, पुलिस की मोबाइल एवं बाइक पार्टी सतत पेट्रोलिंग करते हुए व्यवस्था पर नजर बनाए रखी।

117 करोड़ 89 लाख 78 हजार रूपए राजस्व आय एवं 107 करोड़ 83 लाख 66280 रूपए व्यय अनुमानित

# नगर निगम में महापौर ने पेश किया लाभ का बजट



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम में सम्मिलन की बैठक में महापौर प्रीति संजीव सूरी ने बजट पेश किया। नगरपालिक निगम कटनी का वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट लेखा नियमावली के आधार पर तैयार किया गया है। निगम की आय एवं व्यय को प्रमुख रूप से चार भागों में विभक्त किया गया है (01) राजस्व आय (02) राजस्व व्यय ( 3 ) पूंजीगत प्राप्ति ( 4 ) पूंजीगत व्यय बजट में राजस्व आय रुपये 117 करोड़ 89 लाख 78000 रूपए अनुमानित है एवं राजस्व व्यय 107 करोड़ 83 लाख 66280 रूपए अनुमानित है इस प्रकार राजस्व व्यय पर आय का अधिक्य (राजस्व बचत) 10 करोड़ 6 लाख 11720 रूपए एवं पूंजीगत प्राप्तियों रुपये 460 करोड़ 64 लाख 22000 रूपए होने का अनुमान है जबकि पूंजीगत व्यय 470 करोड़ 66 लाख 37000 रूपए होने का अनुमान है इस प्रकार आय पर व्यय का अधिक्य (पूंजीगत घाटा) 10 करोड़ 2 लाख 15000 रूपए होने का अनुमान है । इसी प्रकार कुल राजस्व पूंजीगत प्राप्ति राशि 578 करोड़ 54 लाख एवं राजस्व एवं पूंजीगत व्यय राशि रुपये 578 करोड़ 50 लाख 3280 रूपए अनुमानित है । कुल व्ययों पर आय का अधिक्य 3 लाख 96 हजार 720 रूपए लाभ का बजट तैयार किया गया है ।

### पर्यावरण एवं हरियाली के लिए भी बजट में प्रावधान

पूर्व बर्ष की भांति नगरीय निकाय स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाये जाने हेतु राशि रूपए बीस लाख का प्रावधान किया गया है। शहर में हरियाली वृधि,एवं वायु गुणवत्ता सुधार हेतु बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण कार्य किया जायेगा उक्त कार्य हेतु बजट में राशि रुपये तीस लाख का प्रावधान किया गया है।

### सड़कें, पुल, सीवरेज, जलप्रदाय व्यवस्था

शासन से विकास कार्यों हेतु प्राप्त अनुदान जैसे मूलभूत सुविधा, राज्यवित्त आयोग, 15 वे वित्त आयोग,सड़क मरम्मत अनुरक्षण, एस.डी आर एफ.एवं अन्य मदों से डामरीकरण, सीमेंट क्रांकीट रोड, पेवर ब्लाक, भूमिगत नाला-नाली एवं पुल पुलिया निर्माण विकास के लिए राशि छत्तीस करोड़ पचत्तर लाख तथा पाइप लाइन सामग्री क्रय करने व सेम्पवेल निर्माण के लिए के लिए आठ करोड़ अस्सी लाख का प्रावधान किया गया है । भारत सरकार की योजना अमृत 2.0 अंतर्गत राशि पचास करोड़ तथा अमृत योजनातर्गत शहरी ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट हेतु राशि रूपये तीन करोड़ प्रस्तावित है ।राज्य सरकार की कायाकल्प योजना में राशि सात करोड़ रुपये एवं मुख्यमंत्री अधोसंरचना चतुर्थ चरण हेतु राशि रुपये छह करोड़ का प्रावधान किया गया है ।

### खेल कूद प्रतियोगिता के लिए 43 लाख का प्रावधान

खेलों को बढ़ावा देने विभिन्न प्रकार के खेल आयोजन जैसे अखिल भारतीय हॉकी टूर्नामेंट, महापौर क्रिकेट चेलेंज कप,अखिल भारतीय बेडमिन्टन, अखिल भारतीय कुस्ती, फूटबाल, बालीवाल, कबड्डी अदि प्रतियोगिता आयोजन इवं पुरूस्कार वितरण हेतु 43 लाख का प्रावधान किया गया है । पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री बजरंग कटाये घाट मेला एवं प्रदर्शनी आयोजन हेतु राशि रुपये बीस लाख का प्रावधान किया गया है ।

### शहर का चहुंमुखी विकास ही एकमात्र मेरा ध्येय : महापौर

ट्रांसपोर्ट नगर की सुविधाएँ अधूरी रहीं वो आज की तारीख़ में नगर निगम के माध्यम से वो सारी सुविधाएँ पूर्ण करा दी गई हैं जो ट्रांस्पोर्टों के लिए आवश्यक है अब देर है केवल उन्हें वहाँ शिफ्ट करने की तो उसके लिए लगातार जिला प्रशासन से चर्चा कर विधिवत कार्यवाही नगर निगम के माध्यम से जारी है, मैं इस सदन में एक और बात कहना चाहूँगी कुछ दिन पूर्व में बिना कोई व्यवस्था बनाए हमारे छोटे गरीब कबाड़ व्यापारी भाइयों की दुकान पर ताला लगा दिया गया मैं इस सदन में उन गरीब भाइयों के लिए इतना कहना चाहूँगी की पहले हम व्यवस्था बनाएँ उसके बाद जिला प्रशासन उन्हें वो स्थान में भेजें जिसके लिए मैं सदन के सदस्यों से भी उनकी राय चाहूँगी क्योंकि वे रोज़ कमाने खाने वाले भाई हैं कई महिलाएँ भी हैं जो ये कार्य करती हैं जिनके बारे में हमे सोचना होगा कि व्यवस्था देने बाद ही हमे इन्हें शहर से बाहर शिफ्ट करना चाहिए। ससाथ ही भविष्य में शहर में एक मल्टीलेवलपार्किंग भी मेरे विचार में है जिस पर हम आगे के वर्ष में कार्य करेंगे । शहर के समस्त वार्डों में भी मैंने कोई कमी नहीं छोड़ी । आगे भी नहीं छोड़ूंगी ।

### इन विकास कार्यों के लिए भी योजनाबद्ध तरीके से प्रयास

कटनी के मुख्य चौराहों के सौंदर्यीकरण कटनी सेंड स्टोन की तर्ज पर अशोक स्तंभ जय स्तंभ जैसे स्मारक विकास किए जाने हेतु भी मेरे प्रयास है ।

कटनी में बच्चो के मनोरंजन के लिए और आम नागरिकों के लिए भविष्य में स्नो पार्क की स्थापना करने के लिए भी योजनाबद्ध तरीके से प्रयासरत हूँ । कटनी में एक सैनिक पार्क एव म्यूजियम की स्थापना जिसमे भारतीय सेना के इतिहास के बारे में कटनी के सभी छात्रों को वीर गाथा से अवगत कराया जायेगा इसके लिए भी प्रयासरत हूँ ।

महापौर ने कहा कि नगर निगम कटनी से निकलने वाली सभी प्लास्टिक वेस्टेज से ईधन बनाने के कार्य को भी वास्तविक रूप देने के लिए प्रयासरत हूँ जो कटनी के इतिहास के लिए बहुत बड़ा कदम रहेगा एवं हमारी पूरी परिषद् के लिए भी अनोखी उपलब्धि रहेगी ।

### शहर में कराये जाने है ये विकास कार्य

1- पर्यावरण विकास अंतर्गत कटायेघाट में रिवर फ्रंट विकास योजाना राशि रुपये छः करोड़ का प्रावधान किया गया है स्थल पर कार्य प्रारंभ है।

2- मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास अंतर्गत झिन्जरी में बस स्टैंड निर्माण कार्य हेतु तीन करोड़ का प्रावधान किया गया है निर्माण कार्य प्रगति पर है

3- शहरी मलीन बस्ती में विकास कार्य हेतु पांच करोड़ का प्रावधान किया गया है

4- चौपाटी स्थल में पार्किंग विकास एवं नवीनीकरण कार्य हेतु राशि रुपये तीन करोड़ प्रावधानित किया गया है निर्माण कार्य प्रगति पर है ।

5- जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक सड़क निर्माण हेतु तीन करोड़ का प्रावधान किया गया है

6- कायाकल्प योजना 1.0 एवं 2.0 में बारह करोड़ के कार्य कराये जा रहे हैं।

7- नवीन कार्यालय भवन निर्माण हेतु शासन से अनुदान प्राप्त होने पर पांच करोड़ का प्रावधान किया गया है ।

8- शासन से विशिट अनुदान प्राप्त होने पर पीर बाबा तक सड़क उनयन एवं सौंदर्यीकरण हेतु पच्चीस करोड़ का प्रावधान किया गया है ।

9- शासन आदेश के तहत नगरीय सीमा क्षेत्र में कॉलोनीयों में अधोसंरचना विकास अंतर्गत विधुतिरण हेतु शासन से राशि पचास करोड़ की मांग कीगई है एवं वर्तमान में राशि दस करोड़ का प्रावधान किया गया है ।

10- कटनी नगर की पेयजल व्यवस्था सुधार हेतु अमृत 2.0 अंतर्गत वाटर सप्लाय प्रोजेक्ट के कार्य राशि रुपये पचास करोड़ से किया जाना है उक्त कार्य को जिला स्तरीय समिति से अनुमोदित कराया गया है इस कार्य के होने से आम जनता को पेयजल समस्या से निदान मिलेगा इस प्रोजेक्ट मियन वेराज निर्माण कार्य पानी टंकी निर्माण WTP के माध्यम से हर घर में पेयजल उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है इस परिषद् के कर्य काल में इस बार की भीषण गर्मी में सप्ताह में सातों दिन कोई कटोती किये बिना पेयजल उपलब्ध कराया गया है यह हम सभी के लिए बड़ी उपलब्धि है ।

11- हमारे द्वारा कटाये घाट को पर्यटन स्थल बनाये जाने हेतु तीन करोड़ से सस्पेंसन केबल ब्रिज प्रस्तावित है ।

12- स्पेशल असिस्टेंस स्कीम के तहत माधवनगर से पन्ना तिराहा तक लगभग 3 किलोमीटर में सड़क विकास एवं उनयन कार्य हेतु राशि 22.00 करोड़ प्रस्तावित है ।

13- नगर निगाम कटनी द्वारा संचालित ए. रविन्द्र राव स्कूल के कक्षा 1 से 10 तक mp board English medium school कोएजुकेशन के रूप में प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित है साथ ही के सी एस स्कूल में भारत निर्माण कोचिंग का जो संचालन हो रहा है उसमे छात्रों की बढती संख्या को देखते हुये उन्हें सुबिधाये मुहैया कराये जाने के उद्देश्य से ऊपर हॉल में रेनोवेसन का कार्य कराया जा रहा है ।

14- प्रियदर्शनी बस स्टैंड के सामने डॉ बीम राव आंबेडकर जी एवं दुर्गा चौक खिरहनी के पास साबित्री बाई फुले जी की प्रतिमा स्थापित कराये जाने एवं शहर के मुख्य चौराहे का सौन्दरिये करण कराया जाना प्रस्तावित है ।

15- कटनी रेलवे स्टेशन से मिशन चौक तक अंडर ग्राउंड विधुत व्यवस्था एवं सौंदर्यीकरण कराया जाना प्रस्तावित है।

### नाम बदलने रखा प्रस्ताव

मिशन चौक का नाम बदलकर अटल चौक का प्रस्ताव परिषद के समक्ष रखती हूं। मिशन चौक से लेकर पूरा पीरबाबा तक अटल मार्ग के नाम से जाना जाए। कटनी नदी से पन्ना मोड़ तिराहा तक अंबेडकर मार्ग से जाना जाए ।

### महानगर बनाने का संकल्प, चरणबद्ध तरीक से आगे बढ़ाना होगा

कटनी को महानगर बनाने का संकल्प भी है लेकिन इसे चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाना होगा । नगर निगम ने पिछले 2 वर्षों में ऐतिहासिक स्थान पाया है कलेक्ट्रेट के सामने लगभग 3.00 करोड़ (तीन करोड़) की राशि से ऐतिहासिक सुंदर मार्केट बनाया गया साथ ही चौपटी का नवीनीकरण कराने का कार्य भी जारी है जो की लगभग 2.5 करोड़ (ढाई करोड़) की लागत का कार्य है जो वर्तमान में प्रगति पर है । हमारे शहर ने स्वच्छता रैंकिंग में 36 वा स्थान एवं प्रदेश में 8 वा स्थान प्राप्त किया जिसमें दो फूल माला गाड़ी को भी चालू किया गया जो कि पहले जितने भी धार्मिक स्थानों से निकालने वाली सारी सामग्री जैसे फूल माला धूप अगरबत्ती आदि जैसे धार्मिक भावनाओं की पूजा सामग्रियों को या तो रोड में फ़ेंक दिया जाता था या तो उन्हें नदियों में डाल दिया जाता था उससे सड़कों में फेकनें से धार्मिक भावना और हमारी संस्कृति को भी ठेस पहुँचती थी और नदियों में जाने से हमारी नदियाँ भी दूषित होती थीं जिनके लिए हमने ये गाड़ी चालू की जो हर मंदिर में पहुँचकर इसे एकत्रित कर विधिवत रूप से कुंड बनाकर उसमे विसर्जित होती हैं इससे हमारी नदियों की साफ़ सफ़ाई और दूषित होने से बचाने का हमारा प्रायस रहा जो सफल रूप से शहर में चल रहा है । भविष्य में दो और फूल माला गाड़ी भी प्ररम्भ करने का लक्षय है । साथ ही ऐतिहासिक रूप से कई वर्षों बाद हमारे कार्यकाल में कटायघाट नदी को जिला प्रशासन के सहयोग से दीपदान व कटनी की गंगा कहके संबोधित किया और गंगा आरती के रूप में उसकी पूजा अर्चना की गई । साथ ही कटाएघाट में रिवर सस्पेंशन केबल ब्रिज का भी कार्य प्रस्तावित है जो ऐतिहासिक होगा । मोहन घाट और मसुरहा घाट का कार्य भी प्रस्तावित है जिसका टेंडर भी किया जा चुका है।

वनों के महत्व की दी जानकारी, विद्यार्थियों को पौधों की देखभाल करने किया प्रेरित

## शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में कुंडम प्रोजेक्ट की डीएफओ ने किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



मध्य प्रदेश राज्य वन विकास निगम लिमिटेड, कुंडम परियोजना मंडल, जबलपुर मध्य प्रदेश शासन, की डी.एफ.ओ. श्रीमती सीमा द्विवेदी (भा.व.से.) व बड़वारा विधानसभा के विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह द्वारा शासकीय महाविद्यालय बड़वारा महाविद्यालय परिसर मे "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय महाबिद्यालय बड़वारा में पौधारोपण किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष सोनेलाल साहू (गुड्डू साहू), हर्ष द्विवेदी, परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी तिमरेश इवने, सहायक परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी एस.के.गर्ग, शासकीय महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रोशनी पाण्डेय, प्रशासनिक अधिकारी लवकुश सिंह एवं समस्त स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। डीएफओ श्रीमती सीमा द्विवेदी के द्वारा वनों एवं वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डाला गया जिसमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधीकरण कॉलेज में उपस्थित छात्र-छात्राओं को जागरूकता वन वन्य प्राणी बढ़ाने हेतु किया गया तथा छात्र-छात्राओं को पौधों की देखभाल करने के लिए विशेष प्रेरित किया गया। जहां पर छात्र-छात्राओं ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि गणों ने उत्साह से पेड़ों को बचाने आश्वासन दिया गया।

कलेक्टर ने की स्थानीय समाधान की सुनवाई

## राजस्व विभाग के लंबित प्रकरणों पर शीघ्र कार्यवाही करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा मंगलवार को दोपहर 12 बजे आयोजित जनसुनवाई एवं स्थानीय समाधान की सुनवाई की गई। इस दौरान रैडमली 200 शिकायतों का चयन किया जाकर 60 शिकायतें संतुष्टिपूर्ण बंद पाये जानें तथा 140 शिकायतें लंबित होनें पर लंबित शिकायतों का अंतिम चयन कर शिकायतकर्ता एवं विभागीय अधिकारी की उपस्थिति में कलेक्टर कटनी द्वारा समीक्षा की गई।

लोक सेवा प्रबंधक दिनेश विश्वकर्मा ने बताया कि समीक्षा के दौरान राजस्व विभाग अंतर्गत दासई राम की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की लंबित शिकायत में अवगत काराया गया कि तहसील स्तर से रजिस्ट्रेशन की कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है। जिसपर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा सुनवाई की जाकर शासन स्तर से अनुमोदन की प्रकिया पूर्ण होने उपरांत आवेदक को योजना की राशि प्रदाय किये जाने के निर्देश तहसीलदार ढीमरखेडा को दिये गये। राजस्व विभाग की एक अन्य सौरभ असाटी की नामांतरण संबंधी लंबित शिकायत में बताया गया कि नामांतरण संबंधी कोई भी आवेदन तहसील कार्यालय में प्रस्तुत नहीं किया गया है। जिसपर कलेक्टर द्वारा शासन नियमानुसार निराकरण कराये जाने के निर्देश तहसीलदार स्लीमनाबाद को दिये गये। जबकि राजस्व विभाग के अन्य प्रकरण में मुकेश (सुरेन्द्र) की लंबित शिकायत में सुनवाई उपरांत आवेदक को अपील में आवेदन प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये।

जिला अस्पताल अंतर्गत दशरथ की प्रसूति सहायता की राशि के भुगतान संबंधित लंबित शिकायत में आवेदक के खाते में सुधार की कार्यवाही हेतु शासन को पत्र लिखे जाने के निर्देश सिविल सर्जन को दिये गये। महिला एवं बाल विकास विकास के तहत साधना बर्मन की लंबित शिकायत में आवेदिका को लाडली लक्ष्मी योजना की राशि प्राप्त नहीं होनें के संबंध में समीक्षा के दौरान बताया गया कि शिकायत का समाधान में चयन होने उपरांत आवेदिका को योजना की राशि प्राप्त हो गई। भू अभिलेख शाखा अंतर्गत आकाश शर्मा की लंबित शिकायत में आवेदक को चाही गई नकल प्राप्त हो जाने से लंबित शिकायत का संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराये जाने के निर्देश अधीक्षक भू-अभिलेख कटनी को दिये गये।

महाभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को दिये निर्देश

## राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए अभियान आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कटनी। कलेक्टर अवि प्रसाद ने जिले में सभी राजस्व अधिकारियों को 18 जुलाई से शुरू हो रहे राजस्व महाभियान के दौरान नामांतरण, सीमांकन और बंटवारा के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये हैं। नामांतरण प्रकरणों के निराकरण के लिये जिले में पहले से ही कलेक्टर के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर निराकरण किया जा रहा है। इस दौरान अब तक 8 सौ से अधिक नामांतरण प्रकरण निराकृत भी किये जा चुकें हैं।

### 45 दिन चलेगा अभियान

कलेक्टर श्री प्रसाद ने 18 जुलाई से आयोजित हो रहे राजस्व महाअभियान को लेकर राजस्व अधिकारियों को जरूरी दिशा - निर्देश जारी किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा अनुसार चलाये जा रहे 45 दिन के इस महाअभियान में राजस्व न्यायालयों में दर्ज समय सीमा पार कर चुके प्रकरणों के निराकरण करने विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देश दिए हैं। श्री प्रसाद ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण को गति देने पटवारियों के कामकाज की नियमित मॉनिटरिंग करने की हिदायत देते हुये अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को अधीनस्थ राजस्व न्यायालयों का नियमित तौर पर निरीक्षण करने कहा है।

### अमल में लाने के लिए मासांत तक पूर्ण कर लें कार्यवाही

कलेक्टर श्री प्रसाद ने 18 जुलाई से 31 अगस्त तक चलाये जा रहे वर्ष के दूसरे राजस्व महा अभियान पर चर्चा करते हुये राजस्व अधिकारियों को नामांतरण, सीमांकन और बंटवारा के प्रकरणों का निराकरण करने के साथ-साथ राजस्व अभिलेख की त्रुटियों को दूर करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने राजस्व महाअभियान में प्रत्येक प्रकरण को आरसीएमएस पर दर्ज करना सुनिश्चित करने की हिदायत भी दी है।

कलेक्श्र श्री प्रसाद ने आरसीएमएस में दर्ज नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के प्रकरणों का समय – सीमा के भीतर निराकरण करने के निर्देश देते हुये कहा कि राजस्व न्यायालयों से नामांतरण और बंटवारा के पारित हुये आदेशों को राजस्व अभिलेखों में अमल में लाने की कार्यवाही 31 जुलाई तक पूरी कर ली जाये।

कलेक्टर ने राजस्व महाअभियान में अभिलेखों की दुरुस्ती, नक्शा तरमीम, समग्र ई-केवायसी और समग्र में खसरे की लिकिंग, पीएम किसान योजना का लाभ लेने से छूटे किसानों को योजना से जोड़ने, पीएम किसान योजना के पात्र किसानों की ई -केवायसी एवं लंबित आधार बैंक खातों को डीबीटी इनेबल करने की कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये हैं।

### कलेक्टर स्वयं करेंगे निरीक्षण, कमियों पर होगी कार्यवाही

कलेक्टर ने निर्देश में कहा है कि वे खुद भी राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण करेंगे और जहां भी कमियां पाई जायेंगी संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।उन्होंने कहा है कि राजस्व अधिकारियों को अपनी ज़िम्मेदारियों का बेहतर तरीके से निर्वाह करना होगा तथा समय पर राजस्व प्रकरणों का निराकरण कर नागरिकों का विश्वास जीतना होगा। श्री प्रसाद ने कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण और राजस्व महाअभियान में जो अधिकारी अच्छा काम करेंगे उन्हें सम्मानित किया जायेगा। जिले में हाल ही में सीमांकन प्रकरणों के निराकरण में बेहतर कार्य करने पर संबंधित एस डी एम , तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक और पटवारियों को प्रशस्ति पत्र देकर कलेक्टर श्री प्रसाद ने उनके कार्यों की सराहना किया था।

### पटवारी रहें मुख्यालय पर

कलेक्टर श्री प्रसाद ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि पटवारी मुख्यालय पर ही रहें, दक्षता के साथ कार्य करें। अभियान की हर दिन समीक्षा की जाए, साफ-सुथरा कार्य हो, अच्छा कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा। अभियान में नक्शा दुरुस्तीकरण का कार्य अच्छा हो। स्वामित्व योजना का लाभ दिए जाना सुनिश्चित किया जाए। बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियों की रोकथाम एवं उपचार का पूरा प्रबंधन किया जाए।

## स्कूलों में शिक्षकों के आभाव से अध्यापन हो रहा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें शैक्षणिक सत्र 2024-25 में अतिथि शिक्षकों की अतिशीघ्र व्यवस्था करानें हेतु जिला शिक्षा अधिकारी कटनी को लिखा पत्र । नवीन शैक्षणिक सत्र 01 जून 2024 से प्रारंभ हो चुका है, विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री का वितरण किया जा चुका है, परंतु नगरीय सीमान्तर्गत विद्यालय में रिक्त पदों पर शिक्षकों की पूर्ति नही की गयी है। जिससे विद्यार्थियों को अध्ययन में असुविधा हो रही है, साथ ही रिक्त पदों के विरुद्ध विषयवार अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति न होने के कारण छात्र-छात्राओं का पठन-पाठन प्रभावित हो रहा है। जबकि म.प्र.शासन द्वारा पूर्व में ही अतिथी शिक्षक नियुक्ति किये जाने के आदेश प्रसारित किये जा चुके है। उपरोक्तानुसार, छात्रों के भविष्य को दृष्टिगत रखते हुये नगरीय सीमान्तर्गत विभिन्न विद्यालयों में अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की जाना अति आवश्यक है ।

मनुष्य के जीवन मे सबसे महत्वपूर्ण समय उसका विद्यार्थी जीवन है,जहां से वह अपने और देश के स्वर्णिम भविष्य की नींव रखता है

निगमाध्यक्ष नें जानकारी देते हुए बताया कि विद्यार्थी की प्रारंभिक शिक्षा ही उसकी नींव है, जहा से विद्यार्थी अपनें स्वर्णिम भविष्य की ओर अग्रसर होता है। शासकीय विद्यालयों में शिक्षकों के अभाव के चलते अध्यापन कार्य प्रभावित हो रहा है इसका खामियाजा बच्चों को भुगतना पड रहा है । शिक्षकों की कमी होने पर विद्यालय में अतिथि शिक्षकों की वैकल्पिक व्यवस्था करने हेतु शासन द्वारा पूर्व में ही आदेश जरी किये गए है । छात्र-छात्राओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए श्री पाठक नें जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र प्रेषित कर विषय की गंभीरता को समझते हुए अतिशीघ्र कार्यवाही की मांग की है ।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में आदिवासी वृद्ध महिला की दर्दनाक मौत

**सलेहा।** निकटतम बधौरा ग्राम की वृद्ध महिला गोपी पति हिरा लाल आदिवासी उम्र लगभग 75 वर्ष ग्राम बधौरा से गोपी आदिवासी बहूं एवं परिवार जनों की महिलाओं के साथ दर्दहाई मोड़ क्योस्क बैंक अपनी वृद्धा पेंशन निकलवाने पहुंची थी और राशि निकाल कर अपने घर जा रही थी सड़क पार करते समय पवई तरफ जा रही हीरों डीलक्स बगैर नम्बर की मोटरसाइकिल ने जोरदार टक्कर वृद्ध महिला को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई और टक्कर मार कर अज्ञात व्यक्ति तेजी से पवई तरफ भाग गया परिवार जन गंभीर अवस्था में नजदीक अपने समुदायक स्वास्थ्य केन्द्र सलेहा लाए जहां डाक्टर उपस्थित नहीं मिले हास्पीटल के इस्टाप ने महिला का। बाहर ही बाउंड्री बालके अंदर इलाज किया हास्पीटल के अंदर भर्ती रूम पर नहीं ले गये इसी दौरान घटना की सूचना गुनौर विधायक डॉ राजेश वर्मा को मिली जो तात्काल हास्पिटिल पहुंचे और पदस्थ डॉ के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए कहा इस तरह के लापर वाह अधिकारियों के प्रति कार्यवाही की जायेगी।

### पौधारोपण किया

**देवेन्द्रनगर।** गुनौर विधायक सम्माननीय डॉ राजेश वर्मा जी का नगर परिषद देवेंद्रनगर में आगमन हुआ एवं एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत जीरो मॉडल स्कूल एवं हाई स्कूल देवेंद्रनगर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम नगर परिषद देवेंद्र नगर द्वारा संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शिवांगी ललित गुप्ता मंडल अध्यक्ष हीराजी पटेल बीएमओ डॉ अभिषेक जैन सीएमओ के के तिवारी मण्डल वरिष्ठ उमेश शर्मा जी रानी साहिबा श्रीमती अजया राजे सिंह बुंदेला नगर परिषद उपाध्यक्ष जय कुमार कुशवाहा निक्की पुनीत जायसवाल रामेश्वर गुप्ता ललित गुप्ता अशोक कुशवाहा ध्रुव चौबे मनोज पांडे रमाकांत शुक्ला धीरेंद्र सिंह बागरी कृष्णा पाठक रमेश अग्रवाल गजेंद्र सिंह परमार अजीत जैन दिलीप पांडे अरुण तिवारी एवं बहुत आयत संख्या में शिक्षक वर्ग एवं नगर परिषद अधिकारी वर्ग पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

### मोहर्रम पर्व में अजयगढ में निकाला गया जुलूस

**अजयगढ।** जिले के अजयगढ़ नगर में हजरत इमाम हुसैन की याद में बुधवार को ताजिया का जुलूस निकाला गया। जुलूश की शुरुवात हजरत रमजान शाह बाबा की दरगाह से प्रारम्भ हुई ओर नगर के तमाम रास्तों से गुजरता हुआ ताजिया जुलूस देर रात कर्बला पहुंचे। इस दौरान नगर के लोगों ने लंगर का एहतिमाम कर लोगो को तबर्रुख पेश किया। इमाम हुसैन के चाहने वालों ने अक़ीदत से घरों में गूंजती या हुसैन की सदाओं के बीच महिलाओं ने पूरी रात कर्बला के शहीदों का याद कर पर्व मनाया। नगर में हिंदू मुस्लिम दोनों समुदाय के लोग मिलकर त्यौहार मनाते हैं इस्लाम में मुहर्रम से ही नए साल की शुरुआत होती है।जुलूस में शामिल नागरिकों ने बताया कि इमाम हुसैन कर्बला के मैदान में मानवता और इस्लाम की हिफाजत के अपने जां नशीनो व अपनी शहादत दी थी। इमाम हुसैन से सारी दुनियां मोहब्बत करती है।अखाड़े के सदस्यों ने जिक्र ए शोहदाये कर्बला किए। ओर एक दिन पहले मंगलवार को पुराने महलन में परंपरागत तरीके से अलाव का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

कलेक्टर का आदेश बेअसर, चेतावनी के बाद भी सक्रिय नहीं ग्राम पंचायतें

# सड़कों पर मवेशियों का डेरा



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार**

आवारा मवेशियों के आतंक से इन दिनों दमोह जबलपुर हाईवे प्रभावित हैं। तो ग्रामीणों क्षेत्रों की सड़को सुबह हो या फिर रात आवारा डेरा जमाए बैठे रहते हैं आवारा मवेशियों की समस्या को लेकर दमोह कलेक्टर लेकर एक्शन में जरूर आए लेकिन यह स्थानीय ग्राम पंचायत की निष्क्रियता के चलते बहुत ज्यादा प्रभावी नहीं रहा है। पिछले कुछ समय से आवारा मवेशियों का प्रभाव ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों पर फिर से देखा जा रहा है बनवार के बड़े घाट महादेव घाट धुनगी, सेतु पर आवारा मवेशी सैकड़ो की संख्या में डेरा जमाए बैठे रहते है जिस कारण आवागमन प्रभावित हो रहा है। वहीं स्थानीय रहवासी मवेशियों के कारण दुर्घटनाओं का का शिकार हो रहे हैं।

#### कलेक्टर ने दिया था यह आदेश

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने सभी जनपद के अधिकारियों को आदेश दिया था कि सड़को पर घूम रहे आवारा मवेशियों किसी भी स्थिति में रेस्क्यू कर गौशाला में सुरक्षित रखा जाए। सड़कों पर यदि आवारा मवेशी घूमते मिले तो संबंधित जनपद की ग्राम पंचायत के अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

#### किसानों के लिए आफत बने आवारा मवेशी

किसानों की सबसे बड़ी समस्या फसलों सुरक्षित रखने में कोई है तो वह आवारा मवेशियों की समस्या इन दिनों खेतों में धान की नर्सरी लगी हुई और झुंड में एक साथ सैकड़ों की संख्या में चलने वाले आवारा पशु जिस खेत में घुस जाते हैं, उस खेत की फसल चरकर नष्ट कर देते हैं। मजबूरन ग्रामीण इलाकों में किसान अपनी-अपनी फसल बचाने के लिए शाम होते ही खेतों पर रतजगा करने पहुंच जाते हैं। किसानों ने खेत की मेड़ पर चारपाई बिछाई है और रात भर जागकर मवेशियों से फसल की सुरक्षा कर रहे हैं। बदकिस्मती यह है कि किसानों की इस गहन समस्या का हल शासन व प्रशासन के आला अधिकारियों के पास नहीं क्योंकि आवारा मवेशियों की समस्या से निजात शासन की गौशाला योजना से भी नही मिल पा रही क्योंकि क्षेत्र में आवारा मवेशियों की संख्या हजारों में है रोड बनवार क्षेत्र में तो दर्जनों गांव के बीच एक भी गौ शाला नही और माला में बनी गौ शाला मवेशियों को रखने की कोई व्यवस्था नहीं है।

## एपीसी अकादमिक ने स्कूलों का किया आकस्मिक निरीक्षण

**दमोह।** राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार सर्वशिक्षा अभियान अंतर्गत अधिकारियों के द्वारा लगातार शालाओं का निरीक्षण किया जा रहा है, इसी तारतम्य में एपीसी (अकादमिक) हरीश अहिरवाल एवं एपीसी (ई.एण्ड.आर.) राजू जैन गांगरा जिला शिक्षा केन्द्र दमोह के द्वारा शाला तिंदोनी, ईपीईएस परसोरिया विकासखंड-दमोह, प्राथमिक शाला छापरीसड़क विकासखंड पथरिया का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उक्तानुसार शाला प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया गया कि निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण विद्यार्थियों को कराया जाये और ऐप के माध्यम ऑनलाईन रिसीविंग एवं वितरण की एंट्री की जाये। विद्यार्थियों की अकादमिक गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाये, विद्यार्थियों के साप्ताहित एवं मासिक टेस्ट कराये जाये। शाला भवन एवं परिसर में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाये, शालाओं में वृक्षारोपण विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों से कराया जाये और प्रत्येक अभिभावक की जबाबदारी सौंपी जाये। निरीक्षण के दौरान शालाओं में विद्यार्थियों की उपस्थिति बहुत न्यून पाई गई, जिसके लिए प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों को जबाबदारी सौपी जाये, विद्यार्थी और शिक्षक नियमित शाला आयें, विद्यार्थियों को नियमित अध्यापन कार्य कराया जाये। माह नवम्बर 2024 में नेस का आयोजन किया जा रहा है , इसकी ऑनलाईन पाठ्य सामग्री सभी शाला प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों को उपलब्ध कराई गई है, नियमित अध्यापन कार्य कराया जाये। उक्त निर्देशों का पालन न किये जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी । उपरोक्तानुसार 03 शालाओं में कमियां परिलक्षित हुई, इस कारण से 03 शालाओं के प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया जा रहा है साथ ही निर्देशित किया जा रहा है कि उक्त कमियों का 07 दिवस में निराकरण करते हुऐ, प्रतिवेदन सौपना सुनिश्चित करें।

### रानी दुर्गावती टाईगर रिजर्व अभ्यारण के क्षेत्र अंतर्गत लह लहा रही फसलें



**तेदूखेडा।** वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व अभ्यारण के अंतर्गत आने वाले ग्राम सर्रा जिसके 12 साथी ग्राम कोर जोन में शामिल है। 20 सितंबर 2023 गजट नोटिफिकेशन के विरोध में यह क्षेत्र भी आगे रहा। यहां की कृषि भूमि ज़िले में उत्पादन में पहले नम्बर पर देखीं जातीं हैं जिस कारण यहां की भूमि छोड़ना नहीं चाहते है। देखा जाए तो आज़ फ़सल 33 से 35 - 36 दिन अवधि की हों गई जो कि देखने योग्य है। क्योंकि उस क्षेत्र की भूगोलीय संरचना नौरादेही (वन्य प्राणी) अभ्यारण्य (वीरांगना रानी दुर्गावती टाईगर रिजर्व) क्षेत्र के पतझड़,घास के सड़ने - गलने पर जीवाश्म मिट्टी पानी के साथ उक्त ग्रामों की कृषि भूमि में जमा होकर गुजरना होता है तभी तो इस क्षेत्र की कृषि भूमि के उत्पादन में जैविकता शामिल हैं जिस कारण कभी भी उत्पादकता खत्म नहीं होती जो कि कृषि भूमि के लिये उपयुक्त प्राकृतिक गुणों से भरपूर है। यहां रसायन खाद की मात्रा न के बराबर की जरूरत होती है। हम देखते हैं इस क्षेत्र में कभी भी सूखा के आसार नहीं देखें जातें तब जाकर प्रति वर्ष हजारों किवंटल अनाज शासन को उपार्जन केन्द्र में देतें हैं।

### झरना में पैर फिसला, 50 फिट नीचे खाई में गिरा

**छतरपुर।** बिजावर क्षेत्र के जंगलों में तमाम ऐसे प्राकृतिक स्थान हैं जहां बारिश के दिनों में जाने में बेहद आनंद मिलता है लेकिन ये स्थान खतरनाक भी हैं। ऐसे ही एक स्थान है मोनासईया। चट्टानों के बीच से गुजरकर जाना पड़ता है। एक युवक मोनासईया गया और झरने में नहाने लगा मगर उसकी थोड़ी सी चूक जान ले गयी। झरने में नहाने के दौरान नंदगांयखुर्द थाना सटई निवासी गोलू अनुरागी पुत्र काशीराम 17 वर्ष का पैर फिसल गया जिससे वह 50 फिट गहरी खाई में चला गया जिससे उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि खाई में गिरने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिवार के सदस्य गंभीर हालत में बिजावर लाए जहां प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया। मगर युवक ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया था।

## मोहर्रम पर्व पर निकाला गया मातमी जुलूस



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा**

नगर में मुस्लिम समाज द्वारा बुधवार को ताजिया का मातमी जुलूस शहादत के साथ निकाला गया। पैंगम्बर मुहम्मद हजरत इमाम हुसैन की याद में मोहर्रम पर्व मुस्लिमों के लिए सबसे अहम और पवित्र है मुहर्रम की 10वीं तारीख को यौम-ए-आशूरा कहा जाता है। आशूरा के दिन मुस्लिम समुदाय के लोग मातम मनाते हैं। इसके अलावा ताजिया और जुलूस निकाले जाते हैं जिसमें लोग इमाम हुसैन और उनके साथ शहीद हुए लोगों को याद करते है।ताजिया हजरत इमाम हुसैन की कब्र के प्रतीक के रूप में होता है मोहर्रम के महीने में ही पैगंबर मोहम्मद के नवासे हजरत इमाम हुसैन कर्बला की जंग में शहीद हुए थे। मुहर्रम पर्व पर सवारियों का सिलसिला दरमियानी रात मदार चिल्ला में स्थित छोटी मस्जिद के पास चला जिसमे अकीदत मर्दों ने शिरकत ली एवं सुबह दस बजे से ताजियों का निकलना प्रारंभ हुआ ताजियां सवारियों का जुलूस इमाम चौक से होते हुऐ मन्दिर मस्जिद चौराहे पर एकत्रित होकर युवाओं द्धारा अखाडे. में कला करतब दिखाऐ गए करीब एक घंटे के प्रदर्षन के बाद ताजियों की सवारियां शहर गस्त के लिये आगे बढकर बड़ा बाजार बजरिया राय चौराहा से शहर गस्त करते हुए अपने-अपने मक्कानो में पहुंचे।जहां से फिर रात्रि कालीन समय में पुनः ताजियों को अलग अलग करबला नदी के घाटों पर जाकर ठंडे किए।मुहर्रम पर्व पर चारों ओर पुलिस व्यवस्था सुबह से लेकर देर रात तक चौकस दिखाई दी एवं नदी के घाटों पर नगरपालिका सीएमओ राजेन्द्र खरे द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से बिजली एवं सड़क व्यवस्था के साथ वालिंटियर तैनात किये गये।

## कुर्मी समाज व जनपद सदस्यों ने नवदंपतियों को भेंट किए उपहार



**हटा।** सच्चे जनप्रतिनिधि सदैव अपने लोगों के लिए चिंतित रहते हैं और उनके कल्याण के लिए सदैव प्रयत्न भी करते रहते है इसका उदाहरण देखने को मिला हटा में जब जनपद अध्यक्ष श्री इंद्रपाल पटेल,उपाध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी छिरोल्या ,जनपद सदस्य कमला गौड,श्रीमती संतोष रानी आदिवासी, जितेंद्र कुमार अहिरवार, प्रियेश कुमार अठया,श्रीमती दशोदा अहिरवार, कन्हैया लाल पटेल, गंगाराम पटेल,श्रीमती रतिबाई पटेल,श्रीमती बृजेश रानी कुर्मी,श्रीमती सरस्वती कुडेरिया , शैलेश पटेल,श्रीमती बृजरानी अहिरवार,श्रीमती अनुसुईया पटेल, महेश्वर सिंह व श्रीमती सुनीता उपाध्याय सभी जनपद सदस्यों के अलावा कुर्मी क्षत्रिय समाज ने मिलकर शासन की योजनाओं से परे व्यक्तिगत रूप से मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह आयोजन के अंतर्गत स्थानीय कृषि उपज मंडी परिसर में नव दांपत्य जीवन में प्रवेश करने वाले 327 से अधिक जोड़ों के लिए उनकी सुखमय और आनंदित जीवन की कामना करते हुए ठाकुर जी भगवान सिंहासन मूर्ति सहित कुर्मी समाज द्वारा पांच- पांच बर्तन उपहार स्वरूप भेंट किए गए।

## दमोह जिले में टेबल टॉप एवं मॉक अभ्यास 19 एवं 20 जुलाई को

**दमोह।** अपर कलेक्टर मीना मसराम ने प्राकृतिक आपदा, भूकंप, बाढ़ विषयक से संबंधित अधिकारियों से कहा है राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के द्वारा दमोह जिले में टेबल टॉप एवं मॉक अभ्यास 19 जुलाई को शाम 04 बजे जिला कार्यालय सभाकक्ष में कराया जायेगा। इसके साथ 20 जुलाई को राजनगर तालाब में दोपहर 12 बजे मॉक अभ्यास कार्यक्रम होगा। आप सभी से कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आग्रह है ।

## सघन चेकिंग: विद्युत विभाग की टीम ने घरों में चलाते हीटर व बिजली चोरी करते हुए 24 से अधिक लोग पकड़े



**सिग्रामपुर।** बिजली कंपनी द्वारा की जा रही सघन बिजली चेकिंग विद्युत वितरण केन्द्र जबेरा के अंतर्गत आने वाले ग्रामों में बिजली कंपनी द्वारा बिजली चोरी रोकने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में संघन चेकिंग की जा रही है। जबेरा मुख्यालय कलेहरा एवं जलहरी ग्राम में विद्युत टीम ने छापामार कार्रवाई की जिसमें अवैध रूप से घरों में 24 से अधिक लोगों द्वारा अवैध रूप से हीटर जलाते हुए पकड़े हैं। विद्युत टीम ने अवैध रूप से जलाए जा रही हीटरों को जब्त कर लिया है। कनिष्ठ अभियंता महेश कुमार महतो ने बताया है कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में यह चैकिंग टीम द्वारा कलेहरा ,जलहरी भाट खमरिया क्षेत्र में संघन चैकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दो दर्जन से अधिक लोगों द्वारा बिजली चोरी कर जलाए जा रहे हीटर जब्त किए गए। महतो के अनुसार कंपनी द्वारा बिजली चोरी कर अनावश्यक लोड बड़ने की समस्या आ रही थी जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में बार बार सुधार के बाबजूद केविलें भी जल रही थी साथ ही ट्रांसफार्मर खराब हो रहे थे इसका सीधा असर राजस्व वसूली पर भी पड़ रहा है लाइन कर्मचारी पूरा समय लाइन मेंटिनेंस में ही लगे रहते है राजस्व वसूली भी नही कर पा रहे थे इसकी हकीकत जानने के लिए जब मौका पर जाकर मुआयना किया तो बिजली चोरी सामने आई। हीटर जलाकर बिजली चोरी करने वालों के हीटर जब्त कर हिदायतें दी गई। साथ विद्युत चोरी के प्रकरण भी बनाए गए लोगों को समझाया गया कि आगे चोरी करते पाए गए तो पुनः केस दर्ज किया जाएगा। साथ ही यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। बिजली चोरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। चेकिंग टीम में कनिष्ठ अभियंता महेश कुमार महतो, अच्छेलाल अहिरवार, आशिक खान, द्वारका पटेल , टीकाराम पटेल,गोविंद पटेल एवं अन्य कर्मचारियों के साथ पुलिस विभाग से दो महिला आरक्षक के साथ दो अन्य पुलिस के के जवान भी मौजूद थे।

## महाभियान में राजस्व संबंधी सभी प्रकरण आरसीएमएस में दर्ज कराये जायें-कलेक्टर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह**

राजस्व महाअभियान प्रथम चरण (जनवरी-मार्च 2024) की सफलता को देखते हुए, राज्य शासन के द्वारा राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख त्रुटियों को ठीक करने हेतु राजस्व महा-अभियान 2.0 का आयोजन 16 जुलाई से 31 अगस्त 2024 तक किए जाने का निर्णय लिया गया है। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने सभी संबंधित राजस्व अधिकारियों से कहा है इस अभियान का उद्देश्य राजस्व न्यायालायों (RCMS) में समय सीमा पर लम्बित प्रकरणों (नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरूस्ती) का निराकरण, नए राजस्व प्रकरणों को RCMS पर दर्ज कराना, नक्शे पर तरमीम, PMKISAN का सैचुरेशन, समग्र का आधार से e-KYC और खसरे की समग्र/आधार से लिंकिंग एवं फार्मर रजिस्ट्री का क्रियान्वयन कराना है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा इस अभियान में राजस्व संबंधी सभी प्रकरण RCMS दर्ज कराए जाएँ। ऐसे प्रकरण जो की अभी न्यायालय में ऑफलाईन प्रचलित है, अथवा किसी कारण से नम्बर से उतर गए हों, उन्हें RCMS पर दर्ज कराना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा यह देखने में आया है, कि राजस्व न्यायालय में नामांतरण, बँटवारे के आदेश पारित होने के बाद भी राजस्व अभिलेखों (खसरा/नक्शे) में आदेश का अमल नहीं हुआ है। सभी राजस्व न्यायालय इन आदेशों का अभिलेखों में अमल करें,यह कार्यवाही 31 जुलाई तक पूरी की जाए।

#### समय सीमा में निराकरण

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा राजस्व अधिकारियों द्वारा 30 जून 2024 की स्थिति में समय सीमा पार कर चुके लम्बित प्रकरणों को चिन्हित किया जाए तथा नियमित सुनवाई कर नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरूस्ती के प्रकरणों का निराकरण किया जाए। प्राथमिकता से पुराने प्रकरणों का निराकरण किया जाए। अभियान के दौरान प्राप्त अविवादित प्रकरणों का निराकरण भी अभियान अवधि में सुनिश्चित किया जाये। प्राप्त नामांतरण अविवादित होने की स्थिति में 1 माह की समय सीमा के भीतर निराकरण किया जाए तथा पूर्व से दर्ज बंटवारा प्रकरण, अविवादित बंटवारा होने की दशा में तीन माह की समय सीमा में निराकरण किया जाए, साथ ही यह प्रमाण पत्र प्रेषित किया जाए कि 30 जून 2024 की स्थिति निराकृत प्रकरण का अभिलेख में अमल सुनिश्चित किया जा चुका है।

#### नामांतरण

उन्होंने कहा 30 जून 2024 को समय-सीमा बाह्य के लंबित नामातंरण प्रकरणों (विवादित / अविवादित) का निराकरण सुनिश्चित करते हुए, दर्ज प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण किया जाना सुनिश्चित किया जाये। रिकार्ड में बहुत से भूमि स्वामी ऐसे दर्ज हैं, जिनकी मृत्यु काफी समय पहले हो चुकी है, परन्तु उनके उत्तराधिकारियों के पक्ष में नामांतरण का प्रकरण दर्ज नहीं हुआ है। इस अभियान के तहत उत्तराधिकार नामांतरण के प्रकरणों को भी दर्ज कर निराकरण किया जाए।

#### बटवारा एवं अभिलेख दुरुस्ती

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा 30 जून 2024 को समय-सीमा बाह्य के लंबित बटवारा प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करते हुए दर्ज प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। जिससे भूमि की सीमा नक्शे में उपलब्ध होने पर विवादों का निराकरण किया जा सके। इसी प्रकार 30 जून 2024 को 06 माह की अवधि के लंबित सभी प्रकार के अभिलेखों के शुद्धिकरण के प्रकरणों का निराकरण शीघ्र किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

#### नक्शे में तरमीम

उन्होंने कहा कुछ ग्रामों के खसरा तथा नक्शे में लिंक स्थापित नहीं है और नागरिकों को उपलब्ध कराये जा रहे नक्शे पूर्णतः शुद्ध नहीं है। खसरा एवं नक्शा में एक रूपता नहीं होने से संबंधित कृषकों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में निर्धारित कार्यवाही की जाए।

#### खसरे में बटांकन होना परंतु नक्शे में नहीं होना

नामांतरण/ बंटवारा आदेश के आधार पर यदि खसरे में तो बटांकन किया गया, परंतु उसकी तरमीम नक्शे पर अमल नहीं की गई हो, तब इस प्रकार की त्रुटि नक्शे में दिखाई देती है। इस प्रकार की त्रुटि को ग्राम नक्शा में उपलब्ध खसरा बटांकन सूची के अनुसार भूलेख पोर्टल पर ‟नक्शा बटांकन‟ (**Map Rectification**) मॉड्यूल के माध्यम से पटवारी एवं तहसीलदार द्वारा नक्शे में तरमीम अमल का कार्य किया जा सकता है। वर्तमान में इस प्रकार की तरमीम के प्रकरण काफी अधिक संख्या में लंबित है। इसे सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर सुधार किया जाए।

## दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण व कृत्रिम अंग प्रदाय करने शिविर आज से

**दमोह।** जिले की निकाय स्तर पर होने वाले दिव्यांगों के परीक्षण एवं सामग्री वितरण शिविरों की तिथि एवं स्थान नियत कर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद को निर्देश जारी किये है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा शिविर में अधिक से अधिक दिव्यांगजनों का परीक्षण किया जाये, ताकि वे अपनी पात्रता अनुसार लाभ प्राप्त कर सकें इसकी संपूर्ण जबावदारी संबंधित जनपद एवं नगरीय निकाय की होगी। परीक्षण शिविर में दिव्यांगजनों की उपस्थिति हेतु नगर पालिका के कचरा वाहन एवं अन्य माध्यम से पर्याप्त प्रचार-प्रसार कराया जाये। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार हेतु जनपद पंचायत के समस्त ग्राम पंचायतों के सचिवों को निर्देशित किया जाये कि मुनादी आदि कराये, ग्राम पंचायत भवन में शिविर आयोजन की तिथि सूचना पटल पर लेख की जाये। शिविर स्थल पर पर्याप्त साफ-सफाई, पानी बैठने इत्यादि की समुचित व्यवस्था की जाये ताकि उपस्थित होने वाले दिव्यांगजनों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। साथ ही परीक्षण हेतु एलिम्को जबलपुर से आने वाले परीक्षण दल को टेबिल कुर्सी आदि की पर्याप्त व्यावस्था भी रखी जाये। आयोजन में सभी निकाय अपने कर्मचारी की ड्यूटी लगायें जिसकी प्रति संबंधित जनपद के सी.ई.ओ. एवं जिला कार्यालय को अनिवार्यतः उपलब्ध कराई जाये। आयोजन के नोडल अधिकारी सी.ई.ओ. जनपद पंचायत होगें। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा जनपद पंचायत दमोह एवं नगरपालिका दमोह/नगर परिषद हिण्डोरिया के लिये अम्बेडकर भवन कचौरा काम्पलेक्स दमोह में परीक्षण शिविर 18 जुलाई एवं उपकरण वितरण कैंप 01 अगस्त को, जनपद पंचायत हटा एवं नगर परिषद हटा के लिये मुख्यालय जनपद पंचायत हटा में परीक्षण शिविर 19 जुलाई एवं उपकरण वितरण कैंप 02 अगस्त को, जनपद पंचायत पथरिया एवं नगर परिषद पथरिया हेतु मुख्यालय जनपद पंचायत पथरिया में परीक्षण शिविर 22 जुलाई एवं उपकरण वितरण कैंप 08 अगस्त को, जनपद पंचायत पटेरा एवं नगर परिषद पटेरा हेतु मुख्यालय जनपद पंचायत पटेरा में परीक्षण शिविर 23 जुलाई एवं उपकरण वितरण कैंप 09 अगस्त को, जनपद पंचायत बटियागढ हेतु मुख्यालय जनपद पंचायत बटियागढ में परीक्षण शिविर 24 जुलाई एवं उपकरण वितरण कैंप 16 अगस्त को, जनपद पंचायत तेन्दूखेड़ा एवं नगर परिषद तेन्दूखेड़ा हेतु मुख्यालय जनपद पंचायत तेन्दूखेड़ा में परीक्षण शिविर 25 जुलाई एवं उपकरण वितरण कैंप 22 अगस्त को तथा जनपद पंचायत जबेरा हेतु मुख्यालय जनपद पंचायत जबेरा में परीक्षण शिविर 26 जुलाई एवं उपकरण वितरण कैंप 23 अगस्त 2024 को प्रातः 11 बजे से शाम 05 बजे तक आयोजित किये जायेंगे।

## खबर संक्षेप

### 7741 लोगों का हुआ निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण



**तेंदूखेड़ा।** स्व. हजारी सिंह ठाकुर एवं स्व.श्रीमती माथुरा बाई (दादा -दादी) की पुण्य स्मृति मे धर्मेंद्र सिंह लोधी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार मध्यप्रदेश शासन के सौजन्य से एवं पीपुल्स ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर रोहित पंडित के नेतृत्व में दो दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन तेंदुखेड़ा के क़ृषि उपज मंडी परिसर मे किया गया था शिविर मे भोपाल से आये विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निशुल्क परामर्श प्रदान किया गया। शिविर के दोनो दिन मिलाकर लगभग 7741 लोगो का ओ पी डी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया । जिसमे लगभग 1291 ईसीजी, 512 सोनोग्राफी, 1658 आर.बी.एस ,887 डिजिटल एक्स रे, 5184 खून की जांच एवं निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया ।शिविर मे लगभग 309 गंभीर मरीजों को चिन्हित किया है। जिन्हे आगे के इलाज हेतु भोपाल निशुल्क भेजा जाएगा एवं इलाज उपरांत निशुल्क वापस तेंदूखेड़ा लाया भी जायेगा। शिविर मे मुख्य रूप से पीपुल्स हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ ए एन महस्के, कार्यकारी सहायक कार्तिकेय सिंह, डॉ अतुल पटेल , डॉ अनुराग, डॉक्टर पीयूष सिंह, डॉ अमित सिंह ,डॉ आकांक्षा सिंघाई ,डॉ मनमोहन शाक्य ,डॉक्टर मृदुल शाह ,डॉक्टर रितु गुप्ता ,डॉक्टर अंकुर चौरसिया ,डॉक्टर रिचा तोमर ,डॉक्टर स्वप्निल पौराणिक ,डॉ प्रशांत जैन जैसे वरिष्ठ चिकित्सक मौजूद थे।

### सीएम राइज विद्यालय में विद्यार्थियों के लिये एक रोबोटिक स्टेमलेब की स्थापना

# लोग 3 डी प्रिंटर से भी आगे फोर और फाईव डी तक पहुंच गये हैंः कलेक्टर

### समय-सीमा बैठक में 3 डी प्रिंटर के संबंध में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तारतम्य में राज्य शासन की नई-नई तकनीकी योजनाओं के प्रशिक्षण का प्रदर्शन समय-सीमा बैठक के दौरान काराया जा रहा है, जिससे अधिकारियों को इसका लाभ मिल सके। इसी उद्देश्य को लेकर सीएम राइज विद्यालय दमोह के फिजिक्स उच्चतर माध्यमिक शिक्षक प्रशांत कुमार जैन द्वारा 3D प्रिंटर के संबंध में जानकारी दी गई। इस संबंध में कलेक्टर श्री कोचर ने कहा लोग 3D प्रिंटर और इसके भी आगे फोर डायमेंशनल और फाईव डायमेंशनल तक पहुंच गये है, ये चीजें हमें पता रहे इसके लिये हम इस तरह के प्रदर्शन कराते है। इसके लिये उन्होंने शिक्षक और उनकी पूरी टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया।

सीएम राइज स्कूल दमोह के प्राचार्य आर.पी. कुर्मी ने बताया पिछले 2 महीने पहले हमारे यहां पर एक रोबोटिक लैब, स्टेम लैब के नाम से डेवलप की है इसमें 3D प्रिंटर भी है और बहुत सारी विज्ञान और टेक्नोलॉजी के फील्ड में विद्यार्थी जो सीख सकते हैं वह सारी सुविधाएं इसमें दी गई है। यहां 3D प्रिंटर में डिजाइनिंग से संबंधित जैसे बिल्डिंग की डिजाइनिंग, ब्रिज की डिजाइनिंग और भी अन्य डिजाइनिंग का कार्य कर सकते हैं इसके लिए उसमें प्रोग्राम फिट करना होता है। विज्ञान और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में विश्व स्तर पर जो चीजें प्रारंभ हुई है, उन चीजों को हमारे देश में भी विज्ञान और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में विद्यार्थियों को अवगत कराना और बेसिक नॉलेज उन्हें देना जिससे वे जान सके की 3D प्रिंटर क्या है, इसमें और क्या किया जा सकता है और प्रोग्राम विद्यार्थी अपने मन से बना सकते हैं। जिस चीज का प्रोग्राम उसमें डाला जाएगा वही चीज उसमें डिजाइन हो जाती है, 3D प्रिंटर में यह अपने यहां के लिए नए कांसेप्ट है, जिले में केवल सीएम राइज स्कूल दमोह में ही इसको डेवलप किया गया है। इसमें बहुत कुछ सीख करके विद्यार्थियों के लिये आगे जाने के लिए अवसर खुलेंगे। प्राचार्य श्री कुर्मी ने कहा टीचर ट्रेंड है, उन्हें भी इसका पूरा नॉलेज है। अभी 5 दिन का प्रशिक्षण भी हुआ है, 9 जिलों में लैब स्थापित हुई है, प्रशिक्षण में इन जिलों के प्रत्येक विद्यालय से पांच-पांच विज्ञान के टीचर आए थे, उनका प्रशिक्षण 8 जुलाई से 12 जुलाई तक सीएम राइज विद्यालय दमोह में रखा गया था, इसके लिए भोपाल से टीम आई हुई थी, उन्होंने ट्रेंड किया है और बेसिक चीजें बताई हैं और प्रैक्टिकल करके भी दिखाया है। उन्होंने कहा सीएम राइज विद्यालय दमोह में शैक्षणिक व्यवस्थाएं सुद्रढ़ है, आईसीटी लेब, 10 कंप्यूटर, 05 इंटरएक्टिव पैनल, स्कूल की पूरी मॉनिटरिंग के लिए 38 सीसीटीवी कैमरे भी है, 03 स्मार्ट टीवी है, 02 प्रोजेक्टर है इनके माध्यम से समय-समय पर विद्यार्थियों को पढ़ाया जाता है। अटल लैब भी है जिसमें विद्यार्थी मॉडल बनाने के प्रयास करते हैं। यहां पर फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी की 03 मुख्य लेब है, स्कूल में सिक्योरिटी के साथ-साथ हाउस कीपर है, पूरी विश्व स्तरीय सुविधाएं हैं, सरकार का प्रयास है, इसके लिए हम सरकार को धन्यवाद देते हैं। उन्होंने कहा हमें अवसर मिला है विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता विकसित करने में, समग्र विकास ठीक-ठाक करने में इसके लिये विद्यालय परिवार का पूरा सहयोग रहेगा।

सीएम राइज विद्यालय दमोह के फिजिक्स उच्चतर माध्यमिक शिक्षक प्रशांत कुमार जैन ने बताया 2020 के अंतर्गत विद्यार्थियों में 21वीं सदी के प्रश्नों को विकसित करने के लिए भारत सरकार द्वारा स्टेम प्रोग्राम लागू किया गया जो की स्टार प्रोजेक्ट का एक भाग है। स्टार प्रोजेक्ट शिक्षण अधिक्रम के सुद्रणीकरण के लिए जून 2020 में लागू किया गया, इसके अंतर्गत स्टेम प्रोग्राम साइंस टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग और मैथ्स के विषयों का विद्यार्थियों में विकास करती है। इसी प्रोग्राम के अंतर्गत आज 3D प्रिंटिंग प्रदर्शन है, इसके जरिए विद्यार्थियों को प्रचलित रोजगार अवसरो के अलावा नये क्षेत्रों औद्योगिकीकरण, चिकित्सा, मनोरंजन, डिजाइनिंग, आर्नामेंट डिजाइनिंग और मीडिया लिटरेशन में भी इस क्षेत्र बहुत उपयोग होता है, तो सीएम राइज विद्यालय दमोह जो कि पहले मॉडल स्कूल के नाम से जाना जाता था, उसमे विद्यार्थियों के लिए यह एक रोबोटिक स्टेमलेब की स्थापना की गई है, उसके अंतर्गत विद्यार्थियों को इसका प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### तालाब निर्माण पर खर्च हुए लाखों फिर भी किसानों को नही हुआ बूंद पानी का सहारा

# 15 साल पहले स्वीकृत भाट खमरिया का गंगा पारा तालाब चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

जंप जबेरा की ग्राम पंचायत भाट खमरिया मैं 15 साल पहले वर्ष 2008 में 47 लाख 86 हजार की लागत से स्वीकृत गंगा पारा तालाब का निर्माण वर्ष 2010 तक 490 मीटर लंबाई बांध पूर्ण करना था जिससे करीब 100 एकड़ किसानों भूमि की सिंचाई और मवेशियों को पीने का पानी लोगों को निस्तारी पानी की सुविधा उपलब्ध करवाना लक्ष्य निर्धारित किया गया था। लेकिन इस तालाब निर्माण में तात्कालिक जल संसाधन विभाग के अधिकारियों इस तरह से भ्रष्टाचार किया कि आज तक तालाब निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है ।

किसानों आमजन को इसका कोई लाभ नहीं मिला है। यह आरोप स्थानीय किसानों के साथ जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ सुजान सिंह के द्वारा लगाते हुए तालाब निर्माण मैं हुए भारी भ्रष्टाचार की जांच की मांग की गई। बता दें तात्कालिक मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के जन्म दर्शन यात्रा के तहत में ग्राम भाट खमरिया पहुंचने पर वर्ष 2007 में ग्रामीणों के द्वारा भाट खमरिया के गंगा पारा नाला पर बांध बंधवाने की मांग रखी गई थी जिसके तहत तात्कालिक मुख्यमंत्री ने आवेदन क्रमांक 1912 पर अपनी स्वीकृति प्रदान कर गंगा पारा नाला पर बांध निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान की गई थी। इस निर्माण कार्य को मध्य प्रदेश शासन के रोजगार गारंटी कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2008 मैं स्वीकृति प्रदान करते हुए 47 लाख 86 हजार की लागत राशि स्वीकृत हुई थी जिसका निर्माण कार्य वर्ष 2010 तक पूर्ण करना था। प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा पारा नाला बांध की निर्माण एजेंसी तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जल संसाधन विभाग द्वारा निर्माण कार्य पर मजदूरी पर 25 लाख से अधिक राशि व्यय की गई। सामग्री पर 21 लाख से अधिक राशि का व्यय किया जाना दर्शाया गया है। इस प्रकार से गंगा पारा तालाब निर्माण में 46 लाख से अधिक रुपए की राशि खर्च की गई। जिसकी हकीकत मौके पर जाकर देखी गई तो एस्टीमेट के अनुसार बांध की लंबाई 490 मी होना था। लेकिन बांध मुश्किल से ढाई सौ मीटर लंबा बना है। बाद में काम करने वाले मजदूर ज्ञानी यादव ने बताया इस बांध में मजदूरों द्वारा मिट्टी डालकर बांध की मेड़ को बनाया गया था। लेकिन सामग्री के नाम पर ना पिचिंग भरी गई ना पत्थर लगाए न सीमेंट न रेत का उपयोग किया। लेकिन 21 लाख से अधिक की राशि सामग्री के नाम पर निकल गई है। बावजूद इसके 15 साल पहले स्वीकृत बांध का निर्माण अभी भी अधूरा पड़ा हुआ है। जबकि सामग्री के नाम पर 21 लाख से अधिक रुपए के बिल लगाए गए हैं। हद तो तब हो गई जब अधूरे पड़े बांध पर 2012 में पुनर्ररक्षित एस्टीमेट बनाकर 92 लाख की राशि स्वीकृत की गई और यह कार्य कागजों पर आरईएस विभाग के द्वारा करवाया गया।

ऐसी में सवाल उठता है जब 15 साल पहले स्वीकृत बांध का कार्य पूर्ण नहीं हुआ तो पुनर्ररक्षित एस्टीमेट बनाकर 92 लाख रुपए की राशि स्वीकृत कैसे हो गई। आरईएस विभाग के द्वारा कारी कहां पर करवा दिया गया जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ सुजान सिंह केद्वारा तत्कालीन जल संसाधन विभाग और आरईएस के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए बांध कार्यों की जांच की मांग की गई है। उनका आरोप है की गंगा पारा बांध निर्माण के नाम पर तत्कालीन जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा जमकर भ्रष्टाचार किया गया है जिसे बांध निर्माण अधूरा होने की वजह से यहां के किसानों को इसका कोई लाभ नहीं मिला है।

# चैक बाउंस के आरोपी को 5 माह कारावास एवं क्षतिपूर्ति के निर्देश

**दमोह।** न्यायिक दण्ड अधिकारी सुश्री प्रिया राठी द्वारा चेक बाउंस के एक मामले में आरोपी को दोषी मानते हुए 5 माह का कारावास एवं 751000 रूपये क्षतिपूर्ति राशि दिये जाने दण्डादेश पारित किया। अधिवक्ता मनीष चौबे द्वारा बताया कि मामला इस प्रकार है कि परिवादी राजू उर्फ राजेन्द्र प्रताप सिंह पिता श्री स्वं. शंकर सिंह मागंज वार्ड नं 5 लोको दमोह आरोपी फेज मुहम्मद खान पिता मुहम्मद खान शासकीय ठेकेदार एंव सप्लायर पी.डब्लू.डी. मोटे का मुहल्ला जिला टीकमगढ़ परिवादी एवं आवेदक के मध्य काफी लंबे समय से अच्छी जान पहचान एवं मधुर संबंध थे संबंधों के चलते अनावेदक ने अपनी ठेकेदारी की समस्या को बताते हुए एवं ठेकेदारी का पैसा लगाने के उदेश्य से माह सितम्बर 2018 में परिवादी से पांच लाख रूपये का राशि उधार मांगी परिवादी ने संबंधों के कारण आरोपी की आवश्यकता उस समक्ष पांच लाख रूपये उधार दिये कुछ दिन बात परिवादी ने अपने रूपये आरोपी से मांगे तो उसने भारतीय स्टेट बैंक टीकमगढ़ का एक चेक पांच लाख रूपये का परिवादी को दिया परिवादी ने जब बैंक में चैंक लगाया तो बैंक में राशि नहीं होने के कारण परिवादी को पैसे नही मिले और चेक बाउंस हो गया परिवादी ने इसकी सूचना आरोपी को दी परंतु सूचना के बाद आरोपी ने रूपयें नहीं दिये तो परिवादी ने आरोपी के विरूध न्यायालय में केस लगा दिया न्यायालय ने दोनों के पक्षों साक्ष्य होने के बाद तर्क सुनकर आरोपी फेज मुहम्मद खान को परिवादी राजू उर्फ राजेन्द्र प्रसाद सिंह से उधार लिये पैसे नहीं देने और खाते में पैसें नहीं होने के बाद भी चेक जारी करने का दोषी मानते हुए पाचं माह का कारावास एवं 751000 रूपये क्षतिपूर्ति के रूप में दिये जाने का आदेश पारित किया।

# मुस्लिम समुदाय ने परंपरानुसार मनाया मातमी पर्व मुहर्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगर में यादें हुसैन शहीदाने कर्बला वालो की याद में मातमी पर्व मोहर्रम पर्व का( त्यौहार ) नगर सभी समुदाय के लोगो ने एक साथ मिलकर मनाया। जिसमे मोहर्रम की 9 तारीख को रात में ताजियों के साथ सवारियों द्वारा शहर गस्त कराया। साथ ही 10 दिन तक यादें हुसैन में मजलिसे पाक का प्रोग्राम भी रखा गया। और मोहर्रम की 10 तारीख को नगर में झरौली तेंदूखेड़ा पाँजी सभी जगह के ताजिया इकट्ठे हुए। बस स्टैंड बाजार गल्ला मंडी से होते सदर साब के घर से होते हुए कर्बला के लिए ले जाया गया। जिसमे सामिल हाफिज खालिद रजा, सदर साब, जनाब अब्दुल शमी, (नत्थू) भाईजान, सोनू भाई, रहीश खलील भाई, शोएब अजीम बाबा, अब्दुल सलाम, साबिर भाई, जुम्मन इदरीश, सलीम बेग, अकबर शाहिद, बबलू नबाब, कल्लू शहजाद एवं सभी मुस्लिम समाज शामिल रही।

## मोहर्रम पर मुस्लिम समाज ने निकाले ताजिया



**गैसाबाद।** मातमी पर्व मोहर्रम के अवसर पर ग्राम में ताजिया निकले गए, इस्लामिक कैलेंडर के पहले महीने मोहर्रम में स्मारक आता है यह आयोजन कर्बला की लड़ाई की सालगिरह है जब इमाम हुसैन अली को परिवार सहित कर्बला की लड़ाई में उमायाद खालिफ द्वारा शहीद कर दिया गया था, इसे मोहर्रम के मातमी पर्व के रूप में मुस्लिम समाज द्वारा मनाया जाता है इस वर्ष समाज द्वारा चार ताजिया बनाए गए, मोहर्रम के जुलूस में समाज के सदर मगन अली शा, इदरीश खान, यासीन खान, मकबूल खान, माजिद मज्जू ड्राइवर, सरफराज खान रहीस खान अनवर अली वसीम एजाज खान सहित मुस्लिम समाज के लोगों की उपस्थिति रही।

### प्रोजेक्टः वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व गिद्धों के पैरों में रेडियो रिंग पहनाकर गिद्धों के ठिकानों की देंगे खबर

# बाघों के बीच अब टाइगर रिजर्व में जासूस बनेंगे 6 गिद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

प्रदेश के सबसे बड़े वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में जहां बाघों का कुनबा लगातार बढ़ रहा है तो वहीं टाइगर रिजर्व में लगातार अन्य जंगली जानवरों का मूवमेंट देखा जा रहा इनकी संख्या भी बढ़ रही है तो वहीं टाइगर रिजर्व एक अच्छा पर्यटन स्थल बनाने के लिए भी लगातार अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं अब टाइगर रिजर्व में गिद्धों के संरक्षण के लिए एक नया प्रोजेक्ट शुरु किया जा रहा है। इसके तहत गिद्ध की भारतीय प्रजाति (इंडियन वल्चर) के 6 चूजों (बच्चों) को रिजर्व में एक वर्ष तक पाला जाएगा। इसके बाद उनके पैरों में रेडियो रिंग पहनाकर जंगल में छोड़ दिया जाएगा। रिजर्व के पाले यह गिद्ध, अपने स्थानीय समुदाय, जिसे कॉलोनी भी कहा जाता है। उसमें शामिल हो जाएंगे। जिसके बाद वन अमला रेडियो रिंग की मदद से टाईगर रिजर्व समेत आसपास के एरिया में गिद्धों की निगरानी कर सकेगा। इससे उनकी संख्या, आवास, भोजन, बीमारियों समेत अन्य तथ्यों के अध्ययन में भी मदद मिलेगी।

### बोटियां खाने से लेकर मांस नोंचने की कराएंगे ट्रेनिंग

टाईगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. एए अंसारी के अनुसार, उपरोक्त प्रयास गिद्धों के संरक्षण के तहत किए जा रहे हैं। दरअसल भारत सरकार के वल्चर एक्शन प्लान 2020-2030 के तहत बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी, मुंबई देश के अलग-अलग हिस्सों में गिद्धों की केप्टिव ब्रीडिंग करा रही इसी कड़ी में भोपाल के वन विहार में गिद्धों की इन हाउस ब्रीडिंग करा कर चूजे तैयार किए जा रहे हैं। डॉ. अंसारी के अनुसार, वहां से 6 चूजे यहां टाईगर रिजर्व में लाए जाएंगे। फिर उन्हें, प्राकृतिक आवास में रहने वाले गिद्धों के संग रहने की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके तहत उन्हें पहले बोटी-बोटी कर मांस खाना सिखाया जाएगा। इसके बाद मांस के बड़े पीस, फिर पूरा साबुत जानवर का शव नोंच - नोंच के खाने की ट्रेनिंग दी जाएगी।



गिद्ध, विशुद्ध रूप से मांसाहारी होते हैं। कभी-कभी तो यह घंटे भर के भीतर शवों का पता लगा लेते हैं और खा लेते हैं। गिद्धों का पाचन तंत्र अत्यधिक अम्लीय होता है, जिससे मांस में मौजूद लगभग सभी बैक्टीरिया या वायरस मर जाते हैं। इस तरह से गिद्ध मृत मवेशी या अन्य जानवरों से फैलने से वाले बैक्टीरिया- वायरस को मनुष्य तक नहीं पहुंचने देते हैं। यही काम लकड़बग्घा, सियार या अन्य जानवर भी करते हैं लेकिन ये जानवर मानव की पहुंच में आ सकते हैं जो कहीं अधिक खतरनाक हो सकता है। इसलिए मृत जानवरों की सफाई के लिए गिद्ध सबसे श्रेष्ठ विकल्प माने गए हैं। एक शोध के अनुसार गिद्धों की घटती संख्या का हमारा देश करीब दो दशक पहले काफी बड़ा खामियाजा भुगत चुका है। इस शोध के अनुसार कुत्तों ने बीमार मवेशियों को खाया। जिससे वह रैबीज ग्रस्त हो गए। इसके बाद उन्होंने मानव आबादी पर हमला करना शुरु कर दिया। वर्ष 1992-2006 तक इस समस्या के चलते 48,000 लोगों की मौत का अनुमान लगाया गया था। यदि गिद्ध पर्याप्त संख्या में अस्तित्व में होते तो इन मौतों को टाला जा सकता था।

### डायक्लोफेनिक दवा के प्रतिबंध से गिद्धों के संरक्षण में मिली मदद

गिद्धों की संख्या में बढ़ोत्तरी का सबसे बड़ा कारण प्रतिबंधित दवा डायक्लोफेनिक का इस्तेमाल बंद करना रहा। पूर्व में मवेशियों को यह दवा दर्द निवारक के तौर पर दी जाती थी। बाद में उनकी मौत होने पर गिद्ध इन मवेशियों का मांस खाते थे। जिसके चलते तेजी से उनकी मौत होने लगीं। स्थानीय स्तर पर गिद्धों की संख्या में बढ़ोत्तरी का एक बड़ा कारण उनके रहवास वाले वृक्षों की एवं ऐसे पथरीले या चट्टानी स्थान जहां वह घोंसला बनाते हैं, उन तक मानव द्वारा किसी तरह की छेड़छाड़ या नुकसान नहीं करना रहा। तीसरा बड़ा कारण, रिजर्व में बाघ समेत अन्य मांसाहारी जानवरों की संख्या में वृद्धि होना रहा। उनके द्वारा किए गए शिकार के अवशेषों से इन गिद्धों का भरण-पोषण हुआ। बता दें कि गिद्ध प्रजाति की प्रजनन दर अन्य पक्षियों की अपेक्षा कम होती है। मादा गिद्ध वर्ष में एक बार में एक ही अंडा देती है।

# सुनार नदी में तैरता मिला युवक का शव, पुलिस घटना की कर रही जांच



**हटा।** बुधवार की दोपहर सुनार नदी के मायने घाट में एक युवक का शव तैरते हुए देखा गया जिसकी सूचना हटा पुलिस को दी गई जहां पुलिस ने नदी के मातन घाट पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकाला गया जहां मृतक की शिनाख्त नगर के संजय वार्ड निवासी मुकेश पटेल के रूप में की गई। जानकारी के अनुसार हटा पुलिस ने बताया कि नगर के संजय वार्ड निवासी मुकेश पिता अवध बिहारी पटेल उम्र 43 वर्ष जो मंगलवार की दोपहर अपनी बाइक लेकर घर से निकला था जो घर नहीं पहुंचा जिसकी गुम होने की सूचना बुधवार की सुबह मृतक के परिजनों द्वारा पुलिस थाना में दी गई थी इसके कुछ समय बाद ही सुनार नदी में तैरते हुए शव की सूचना प्राप्त हुई जिसकी बाइक भी मटिया घाट पर रखी हुई मिली जिसे जप्त कर कार्यवाही की गई वहीं पुलिस द्वारा नदी से शव को बाहर निकलवाकर पंचनामा कार्यवाही कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। घटना में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।